


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 98 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 20 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### एयर इंडिया पर 30 लाख का फाइन, पायलट का लाइसेंस 3 महीने के लिए सस्पेंड

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब करने की घटना पर विमान कंपनी के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई कर दी गई है। डीजीसीए नागरिक उड्डयन नियमों का उल्लंघन करने पर एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया गया है। इसके अलावा पायलट-इन कमांड का लाइसेंस भी तीन महीने के लिए सस्पेंड कर दिया गया है।

पायलट पर यह कार्रवाई विमान नियम 1937 के नियम 141 और लागू डीजीसीए के नागरिक उड्डयन नियमों के तहत अपनी ड्यूटी न निभाने में विफल रहने पर की है. इसके अलावा एयर इंडिया की उड़ान सेवाओं में निदेशक पर तीन लाख रुपए का फाइन लगाया है।

मामले में पीड़ित महिला ने एयर इंडिया पर समय रहते एक्शन न करने और कंप्रोमाइज कराने का आरोप लगाया था, जिसके बाद डीजीसीए ने एयर इंडिया पर कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इसके बाद डीजीसीए ने एयर इंडिया से कहा है कि आपके खिलाफ एक्शन क्यों ना लिया जाए। आपने अपना दायित्व ठीक तरह से नहीं निभाया है, लेकिन फिर भी न्यायिक प्रक्रिया को देखते हुए आपको जवाब देने के लिए दो हफ्ते का समय दिया जाएगा। उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

### भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप, धरने पर पहलवान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ देश के नामचीन पहलवानों का जंतर-मंतर पर लगातार तीसरे दिन धरना प्रदर्शन जारी है। इन सबके बीच धरना दे रहे पहलवानों ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के पास रेसलर्स के यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। माना जा रहा है कि अब महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण की मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के पास शिकायत में कहा गया है कि विनेश फोगाट के साथ मानसिक उत्पीड़न हुआ है और उन्हें टोक्यो ओलंपिक से बाहर होने पर महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा मानसिक रूप से परेशान और प्रताड़ित किया गया था।

दरअसल, विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक समेत देश के करीब 30 पहलवानों ने बुधवार को कुश्ती महासंघ और उसके अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला और विरोध-प्रदर्शन शुरू किया। इधर प्रदर्शन के बीच शुक्रवार को महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कह दिया कि वे इस्तीफा नहीं देंगे।

# भारत और न्यूजीलैंड का दूसरा वनडे मैच कल, रायपुर पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ी

## छत्तीसगढ़ का राजकीय गमछा पहनाकर किया गया खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर के शरीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में शनिवार को भारत व न्यूजीलैंड के बीच दूसरा वनडे क्रिकेट मैच खेला जाएगा। दोपहर 1.30 बजे मैच का लाइव प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर होगा। इससे पहले गुरुवार शाम 6 बजे स्पेशल चार्टर प्लेन से भारत व न्यूजीलैंड की टीमें रायपुर पहुंची। भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम का रायपुर एयरपोर्ट से लेकर होटल पहुंचने तक के पूरे रास्ते में खेलप्रेमियों ने क्रिकेटरों का स्वागत किया। होटल पहुंचते ही टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों का स्वागत छत्तीसगढ़ के राजकीय गमछे से किया गया। खिलाड़ियों ने भी छत्तीसगढ़ के राजकीय गमछे को देर तक अपने कंधे पर सजाये रखा।



टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांडया, गेंदबाज मोहम्मद सिराज, तेज गेंदबाज उमरान मलिक, विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर सहित कई खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के राजकीय गमछे को धारण किया। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाड़ी भी राजकीय गमझे को पहनकर काफी प्रसन्न दिखाई दिए। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को संरक्षित और उनको एक नई पहचान देने के लिए छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा, छत्तीसगढ़ के राज्य गीत का गायन, अतिथियों का राजकीय गमछा से स्वागत, तीज त्योहारों का परंपरा अनुसार विशेष रूप से आयोजन किया जा रहा है। इसी परंपरा को निभाते हुए भारत व न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

### देर से पहुंचे विराट कोहली

गुरुवार शाम जब हैदराबाद से पूरी टीम इंडिया रायपुर पहुंची लेकनि इसमें विराट कोहली नहीं थे। भारतीय टीम के पहुंचने के करीब 1 घंटे बाद दूसरी फ्लाइट से विराट रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर विराट कोहली काले मास्क पहने हुए थे और मीडिया से बचते दिखे। इस बीच कुछ लोग रिट का वीडियो बना रहे थे। इसे देख विराट ने वीडियो नहीं बनाने का इशारा किया।

### खाने में भी छत्तीसगढ़िया स्वाद

पहली बार राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल मैच की तैयारी में रायपुर का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तो पूरी तरह से तैयार है ही। मेहमान नवाजी के लिए रायपुर के होटलों में भी शानदार व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़िया स्वाद से भी परिचय कराया जायेगा। मिलेट्स सूप और मिलेट्स स्लाद के साथ-साथ छत्तीसगढ़िया पारंपरिक स्वाद भी खाने में देखने को मिलेगा।

### मैच के पहले शुक्रवार को दोनों टीमों ने मैदान में बहाया पसीना

रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। मैच से पहले गुरुवार को दोनों टीमों ने मैदान में नेट प्रैक्टीस की। इस दौरान खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। शनिवार को होने वाला यह मैच दुधिया रोशनी में खेला जाएगा। मैच के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। यही नहीं मैच के सभी टिकट बिक चुके हैं और कल के मैच में दर्शकों की भारी संख्या दिखने वाली है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस ने सुरक्षा भी तगड़ी कर रखी है।

### स्कूटर पर जा रही महिला की चेन खींचकर भागा बाइक सवार बदमाश

**भिलाई।** शहर में दिन दहाड़े चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। पति के साथ स्कूटर पर जा रही महिला के गले से चेन खींचकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गया। दो दिन पुरानी घटना में पीड़ित ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद भिलाई नगर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार की तलाश में जुट गई है।

घटना के संबंध में भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि बी 93 आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी श्यामबाबू अग्रवाल बीएसपी कर्मी हैं। वे 17 जनवरी की सुबह 11 बजे अपनी पत्नी सरला अग्रवाल के साथ बोरसी जाने निकले थे। दोनों ज्युपिटर वाहन क्रमांक सीजी 07 बीवी 3674 से गैरेज रोड होते जा रहे थे। करीब 11.45 महाराणा प्रताप चौंक के पहले पुलिया नाला के पास पीछे से एक काले रंग का मोटर सायकल में सवार एक अज्ञात व्यक्ति जो पीले रंग का हेलमेट एवं काले रंग का जैकेट पहना हुआ था। वह इनकी स्कूटर तक पहुंचा और महिला के गले से चेन खींचकर फरार हो गया। चेन का वजन करीब 2 तोला था। मामले में पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# कोड-ए-थान ओलंपियाड में सरकारी स्कूलों के 5000 बच्चे होंगे शामिल

## 5 फरवरी 2023 है रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** तकनीक के महत्व और भविष्य में इसकी अनिवार्य आवश्यकता को देखते हुए छोटी कक्षाओं से ही छात्र कोडिंग के प्रति आकर्षित हो रहे हैं और इसमें महारत भी हासिल कर रहे हैं। कोडिंग को भविष्य की भाषा भी कहा जाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों के छात्रो में भी कोडिंग के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। स्कूली छात्रों को कोडिंग के प्रति उत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मिलकर कोडिंग ओलंम्पियाड का आयोजन कर रहा है।

इस ओलंपियाड को भारत के बड़े कोडिंग ओलंम्पियाड्स में से एक माना जाता है। गेटिंग फ्यूचर रेडी की थीम पर कोडिंग ओलंम्पियाड में स्कूली छात्रों को सीखने (लर्न), शामिल होने (पार्टिसिपेट) और जीतने ( विन) के मंत्र के साथ सरकारी स्कूलों के 5000 छात्रों को कोडिंग सिखाया जा रहा है।

इस कोडिंग ओलिम्पियाड में शामिल होने छात्रों के लिए रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 5 फरवरी 2023 है। ओलंपियाड में हिस्सा लेने के लिए छात्र www.htcodeathon.com वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 23 फरवरी को छात्रों का क्वालिफायर राउंड और 23 फरवरी को ही छात्रों का फिनाले भी आयोजित होगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के काफिले की गाड़ी पलटी, प्रधान आरक्षक की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा।** अंबिकापुर में भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने जा रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के काफिले की एक गाड़ी पलट गई। हादस में एक प्रधान आरक्षक की मौत हो गई है। वहीं तीन घायल हो गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात उदयपुर के खरफरी नाले का पास हुआ। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार हादसा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव अंबिकापुर में होने वाली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने बिलासपुर से रवाना हुए थे। देर रात करीब 1 बजे उनके काफिले का एक वाहन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस गाड़ी में 4 पुलिसकर्मी सवार थे। हादसे में प्रधान आरक्षक रविशंकर प्रसाद (55) की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में आरक्षक रामदेव प्रसाद (44), आरक्षक प्रदीप (29), चालक अनिल पैकरा (32) घायल हो गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू किया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घटना के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव स्थानीय स्ष्ठ्हक्क अखिलेश कौशिक व उदयपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र नाथ दुबे के साथ अस्पताल पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने प्रधान आरक्षक रविशंकर प्रसाद की मौत पर गहरा दुख जताया। वहीं घायलों के बेहतर इलाज किए जाने के निर्देश डॉक्टरों को दिया। इसके बाद वे कार्यसमिति की बैठक के लिए रवाना हो गए।

### पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को छत्तीसग़ढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा का चैलेंज

**रायपुर।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को धर्मांतरण के मामले पर छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री ने चैलेंज दिया है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में धर्मांतरण के मामले नहीं बढ़े हैं। अगर वे इसे साबित कर दें तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा और अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो उन्हें पंडिताई छोड़नी होगी।

बता दें पंडित धीरेंद्र शास्त्री रायपुर यहां रामकथा करने पहुंचे हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा था, कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के मामले बढ़े हैं। उन्होंने बस्तर का जिक्र करते हुए कहा था कि हिंदुओं को दूसरे धर्म में जाने देने से रोकना होगा। इसके बाद आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने उन्हें बस्तर चलने और इसे साबित करने कहा। लखमा ने तो यहां तक कह दिया कि बाबा को कैसे पता चला, क्या उन्हें सपना आया था।

# सीआरपीएफ में नौकरी पाने का सुनहरा मौका, सरकार ने निकाली बंपर वैकेन्सी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सीआरपीएफ में सरकारी नौकरी पाने का शानदार मौका है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर व हेड कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए बंपर वैकेन्सी निकाली है। इसकी आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 12 पास अभ्यर्थियों के लिए सरकारी नौकरी पाने का शानदार मौका है। युवा सीआरपीएफ की आधिकारिक वेबसाइट crpf.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती से सीआरपीएफमें स्ढ्ढ और हेड कॉन्स्टेबल पद पर कुल 1458 रिक्तियां भरी जाएंगी। ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 25 जनवरी 2023 है।

सीआरपीएफके रिक्त पदों में असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (स्टेनोग्राफर) के 143 पद व हेड कॉन्स्टेबल (मिनिस्ट्रियल) 1315 पद शामिल हैं। योग्य आवेदकों का चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट, स्किल टेस्ट, फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिक्रेशन और मेडिकल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा।

इस भर्ती पक्रिया में शामिल होने के लिए मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा पास कर चुके उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों की आयु सीमा 25 जनवरी 2023 को कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष तक ही होनी चाहिए। हालांकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी मानदंड के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। सीआरपीएफ में असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर और हेड कॉन्स्टेबल का सीबीटी एग्जाम 22 से 28 फरवरी 2023 (टेंटेटिव) को आयोजित किया जाएगा. परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड 15 फरवरी, 2023 को जारी किए जाएंगे।



सीआरपीएफ की आधिकारिक वेबसाइट crpf.gov.in पर जाएं। होम पेज पर उपलब्ध सीआरपीएफ भर्ती एएसआई, हेड कांस्टेबल लिंक को ओपन करें। रजिस्ट्रेशन डिटेल्स डाले। आवेदन फॉर्म भरें और आवेदन फीस का भुगतान करें। फाइनल सब्मिट करें और एक कॉपी अपने पास सेव कर लें। अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी कैटेगरी के पुरुष उम्मीदवारों के लिए परीक्षा शुल्क 100 रुपए है। वहीं आरक्षित कैटेगरी और महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन फ्री है। चयनित असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर का पे लेवल-05 के तहत 29,200 रुपए से 92,300 रुपए तक वेतन होगा। वहीं हेड कॉन्स्टेबल का पे लेवल-04 के तहत 25,500 रुपए से 81,100 रुपए तक वेतन होगा।

## सनातन में लौट आए 325 परिवारों के 1100 लोग

श्रीकंचनपथ




महासमुन्द जिले के बसना में 325 परिवारों के 1100 लोगों ने स्वधर्म वापसी की है। इन्होंने स्वीकार किया है कि वे भटक गए थे। अब उन्हें अपनी भूल का अहसास हो गया है इसलिए स्वधर्म वापसी कर रहे हैं। वैसे इनका जाना भी अजब था. न नाम बदला, न कुल गोत्र, सरकारी रिकार्ड में भी इनकी जाति-उपजाति नहीं बदली। इनके जीवन में एक अंतर बस यह आ गया था कि ये देव पूजन को छोड़कर प्रार्थना सभाओं में जाने लगे थे। यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बस्तर में धर्मांतरण को लेकर दो समुदाय आमने सामने हो गए हैं। भारत एक विशाल देश है। यह विशालता इसके आकार में नहीं बल्कि पग-पग बदलती भौगोलिक परिस्थिति, भाषा-बोली, खान-पान, संस्कृति और उपासना पद्धति को लेकर है। देश में इतनी उपासना पद्धतियां हैं कि उनकी ठीक-ठीक गणना करना तक संभव नहीं है। कोई जल चढ़ाता है, कोई डुबकी लगाता है, कोई मूर्ति पूजता है, कोई ग्रंथ पूजता है तो कोई स्तंभ। कुछ लोग समवेत प्रार्थना करते हैं तो कोई भजन कीर्तन करता है। प्रसाद, 56 भोग से लेकर सूखा प्रसाद और कड़ा प्रसाद तक कुछ भी हो सकता ह। कोई फल-फूल चढ़ाता है तो कोई बलि देता है। इनमें से कुछ उपासना पद्धतियां अज्ञातकाल से चली आ रही हैं। तो कुछ की उत्पत्ति बाद में हुई है। सनातन इन सभी उपासना पद्धतियों का एक सुन्दर गुलदस्ता है। ये सभी पद्धतियां सहोदरों की तरह साथ-साथ समानांतर चलती रही हैं। यही वजह है कि भारत सभी धर्मों, पंथों को आत्मसात करने में सफल रहा. भारतीय संसद के प्रवेश कक्ष में लिखा है 'वसुधैव कुटुम्बकम्'। यह सनातन धर्म का मूल संस्कार तथा विचारधारा है। महा उपनिषद सहित कई ग्रन्थों में इसका उल्लेख मिलता है। 'अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्'। अर्थात यह मेरा अपना है और यह नहीं है, इस तरह की गणना छोटे चित्त वाले लोग करते हैं। उदार हृदय वाले लोगों के लिए तो सम्पूर्ण धरती ही परिवार है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व समुदाय को यही संदेश दिया था। फिर यह हो-हल्ला क्यों? यह हो-हल्ला इसलिए कि नया मुल्ला ज्यादा प्याज खा रहा है। वो स्वयं तो प्रार्थना सभा में जा ही रहा है मगर साथ ही प्रकृति की उपासना करने वालों का मजाक भी उड़ा रहा है। वह उनके देवी देवताओं का अपमान भी कर रहा है। यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। भारत का संविधान व्यक्ति को किसी भी उपासना पद्धति को अपनाने की स्वतंत्रता देता है पर साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहता है कि वह किसी और की उपासना पद्धति का मजाक नहीं बनाएगा। ऐसी घटनाओं की शिकायत मिलने पर प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। बस्तर में प्रशासन ने ऐसा नहीं किया और नतीजा सामने है। ऐसे में जूदेव परिवार का रास्ता बेहतर प्रतीत होता है।



## संपादकीय

# खेलों में शोषण

अनेक भारतीय पहलवानों की जो शिकायत सामने आई है, वह न सिर्फ दुखद, बल्कि चिंताजनक भी है। जंतर-मंतर पर बैठे भारतीय पहलवानों पर देश ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों के लोगों की भी नजर गई होगी। क्या भारतीय कुश्ती में यौन शोषण या पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं होनी चाहिए थी? खेल मंत्रालय ने जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दे दिया, शायद आरोपितों को जवाब देने के लिए कम समय मिलना चाहिए था। विश्व मंचों पर भारत का नाम रोशन करने वाले पहलवानों की ओर से अगर शिकायतें आ रही हैं, तो हमारे खेल प्रबंधकों के कान खड़े हो जाने चाहिए। पदक के मामले में कुश्ती भारत के सफलतम खेलों में शुमार है और उसमें भी हरियाणा की पहलवानों ने जिस तरह यौन शोषण का आरोप लगाया है, उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसा नहीं है कि खेल अधिकारियों के पास ऐसी शिकायत पहले नहीं पहुंची होगी, पर जब तक विवाद सड़क पर न आ जाए, ज्यादातर अधिकारी मुंह फेरे घूमते रहते हैं, लेकिन अब मुंह छिपाने से काम नहीं चलने वाला। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने तमाम आरोपों से इनकार किया है, तो आश्चर्य नहीं। उनकी ओर से आने वाले लिखित जवाब के बाद बाकायदे विस्तृत जांच होनी चाहिए। ऐसा न हो कि शिकायतें एक-दो लोगों के कानों तक पहुंचकर रफा-दफा हो जाएं। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया जैसे पदकवीर अगर साथी पहलवानों के साथ मिलकर न्याय मांग रहे हैं, तो लीपा-पोती तो कतई नहीं होनी चाहिए। यह सही है कि भारतीय कुश्ती महासंघ में ग्यारह साल से एक ही अध्यक्ष हैं और उनके समय भारत ने कुश्ती में अनेक पदक जीते भी हैं, लेकिन अध्यक्ष से जुड़े विवाद भी किसी से छिपे नहीं हैं। अगर इनके खिलाफ साजिश हो रही है, तो इन्हें भी आगे आकर पर्दाफाश करना चाहिए। खेल संघों की राजनीति किसी से छिपी नहीं है, सत्ताधारी दल कोई भी हो, वह खेल संघों पर काबिज हो जाना चाहता है। यह बार-बार दोहराया गया है, यह परिपाटी व्यावहारिक रूप से भी गलत है। खेलों और खिलाड़ियों की संवेदना को समझने वाले व्यक्ति के हाथों में ही खेल संघों की कमान होनी चाहिए। जंतर-मंतर पर दुख बयान करते हुए किसी शोषित ओलंपियन पहलवान की आंखों से आंसू निकल आएं, तो समझ लीजिए, खेल प्रशासन में ममत्व व निष्ठा कितनी कम हो गई है? यह मुद्दा कतई राजनीति का नहीं है। जंतर-मंतर पर खिलाड़ियों से एकजुटता दर्शाने पहुंची वामपंथी नेता से अगर दोटूक आग्रह किया गया कि मामले को राजनीतिक न बनाइए, तो तारीफ होनी चाहिए। लगे हाथ खिलाड़ियों को यह आग्रह नहीं करना चाहिए कि खांटी नेताओं को खेल महासंघों पर काबिज होने से बचना चाहिए? क्या खूब पदक जीतने वाले देशों में भी ज्यादातर खेल संघों पर राजनेताओं का कब्जा है? खैर, फिलहाल सवाल शोषण संबंधी शिकायत का है और पहलवानों ने आर-पार की लड़ाई ठान रखी है। इस मामले का न्यायपूर्ण पटाक्षेप जितनी जल्दी हो, उतना अच्छा है। कोई भी खेल बुनियादी रूप से श्रेष्ठ आचरण की आशा रखता है। खिलाड़ी अपने परिवार, समाज और देश के लिए राजदूत सरीखे होते हैं। उनके मन में अपनी खेल संस्थाओं-संघों के लिए गौरव का भाव होना चाहिए। शायद अब इस दिशा में सबकी उम्मीद सरकार और शिकायत झेल रहे खेल संघ पहल करने की जरूरत महसूस करेंगे।

> “ भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने तमाम आरोपों से इनकार किया है, तो आश्चर्य नहीं। उनकी ओर से आने वाले लिखित जवाब के बाद बाकायदे विस्तृत जांच होनी चाहिए। ऐसा न हो कि शिकायतें एक-दो लोगों के कानों तक पहुंचकर रफा-दफा हो जाएं।

## बंगाल के विवादग्रस्त ग्राम

बुधवार को यहां अधिकृत रूप से ज्ञात हुआ कि पूर्वी और पश्चिमी बंगाल की सरकारों में अपनी-अपनी सेनाओं को चार सारनदासपुर से पांच-पांच मील दूर हटा लेने का समझौता हो गया है। यह स्थान मुर्शिदाबाद तथा राजशाही जिलों की सीमा पर है और इस पर दोनों सरकारें अपना अपना दावा जता रही हैं। कुछ दिन पूर्व इस स्थान पर पूर्वी बंगाल सरकार की सशस्त्र पुलिस ने अधिकार कर लिया था। इस पर पश्चिमी बंगाल की सरकार ने पूर्वी बंगाल की सरकार से निवेदन किया कि जब तक दोनों उपनिवेशों की सरकारें इस संबंध में अन्तिम फैसला न कर लें तब तक के लिए सशस्त्र पुलिस वहां से हटा ली जाये। उसने यह भी सुझाव किया कि दोनों सरकारें 3 जनवरी को एक साथ अपनी-अपनी पुलिस को उक्त क्षेत्र में 5 मील दूर हटा लें। यह प्रस्ताव पूर्वी बंगाल की सरकार ने स्वीकार कर लिया।

## दान प्रेम से निकले तो ही पुण्य

बोधिधर्म ने सम्राट वू से कहा- ये मंदिर तुमने अपने अहंकार के बनवाए हैं। इनमें जो प्रतिमाएं हैं, वे बुद्ध की नहीं, तुम्हारे अहंकार की हैं। तुम नरक में पड़ोगे, महानरक में! आज से चौदह सौ वर्ष पहले एक अद्भुत संन्यासी, बोधिधर्म, भारत से चीन गया। सम्राट वू ने उसका स्वागत किया। वू ने बुद्ध के बहुत से मंदिर बनवाए थे। पूरे चीन को बुद्ध की मूर्तियों से भर दिया था। बहुत से विहार बनवाए थे। लाखों भिक्षु सम्राट के खजाने से भोजन पाते। वे सब उसकी प्रशंसा और यश के गीत गाते थे। सम्राट प्रसन्न था, भिक्षु प्रसन्न थे, और क्या चाहिए?

जब बोधिधर्म चीन पहुंचा, उसके बहुत पहले ही उसकी सुगंध पहुंच गई थी। वह बुद्ध की कोटि का व्यक्ति था, कोई साधारण भिक्षु नहीं था। बोधिधर्म उन असाधारण लोगों में से एक था, जो कभी-कभी इस पृथ्वी पर पैदा होते हैं। सम्राट वू स्वयं अपने समस्त मंत्रियों के साथ साम्राज्य की सीमा पर बोधिधर्म को लेने आया और उससे पहली ही बात यह पूछी कि मैंने इतने मंदिर बनवाए, इतना दान दिया, इसको पुण्यकार्य आप मानते हैं या नहीं? सम्राट वू ने आगे कहा- मैंने बुद्ध के इतने आश्रम बनवाए, लाखों भिक्षु हमारे राजकोष से भोजन पाते हैं, पूरे चीन को मैंने बौद्ध धर्म में दीक्षित कर दिया है, इसे दुनिया का सबसे बड़ा धर्म बना दिया है, इन सबका मुझे क्या पुण्य फल मिलेगा? बोधिधर्म ने सम्राट को नीचे से ऊपर तक देखा। वैसे ही, जैसे कोई न्यायाधीश किसी चोर को देखे और कहा- पुण्य! पुण्य तो बिल्कुल नहीं। महानरक में गिरोगे। सम्राट ने चौंककर कहा- आप कहीं मजाक तो नहीं कर रहे भंते? बोधिधर्म ने वू से कहा- तुमने जो कुछ भी किया है, वह अहंकार में किया है। ये मंदिर तुमने अपने अहंकार के बनवाए हैं। इनमें जो प्रतिमाएं हैं, वे बुद्ध की नहीं, तुम्हारे अहंकार की हैं। तुम्हारा सब दान यश और प्रशंसा पाने के लिए है। तुम नरक में पड़ोगे, महानरक में! इस पर सम्राट वू ने कहा- भंते, अन्य किसी भिक्षु ने ऐसा मुझे नहीं कहा। बोधिधर्म ने जवाब दिया- वे कहेंगे भी क्यों? वे तुम्हारे भोजन पर पलते हैं। तुम्हारा नमक खाते हैं। तुम पर निर्भर हैं। तुम उन पर निर्भर हो। इसलिए यह सांठगांठ चलती जा रही है। वे तुम्हारी प्रशंसा करते हैं, तुम उनकी प्रशंसा करते हो। वे कहते हैं- आप महान सम्राट हो। तुम कहते हो कि आप महान भिक्षु हैं। वे कहते हैं, आपको स्वर्ग में महापुण्य मिलेगा, पुण्य के बहुत फल मिलेंगे। तुम उनके चरण धोते हो, वे तुम्हारा यशोगीत गाते हैं। मुझे इन सबसे कुछ लेना-देना नहीं है। इतना मैं तुमसे कह दूं कि दान यदि अहंकार की पूर्ति के लिए हो, किसी पुण्य फल की अपेक्षा से हो, तो वह पाप है। यदि वह प्रेम से निकले, तो ही पुण्य है। लेकिन तब इसके बारे में पूछना तो दूर, यह भाव भी नहीं उठेगा कि उसका फल तुम्हें क्या मिलेगा?

**ओशो**

> “ अगर देश के हर बच्चे की नींव पढ़ने-लिखने और गणित के अभ्यास में पक्की हो जाए, तो देश का भविष्य बदल जाएगा। मगर इस मंजिल तक पहुंचने के लिए जोरदार कोशिश करनी होगी।

# पढ़ाई पर महामारी का पड़ा जो असर

रुक्मिणी बनर्जी

हाल में प्रकाशित असर-2022 (ऐन्यूअल स्टेटस फॉर एजुकेशन रिपोर्ट) के आंकड़ों में कुछ ऐसे सवालों के जवाब मिले हैं, जिनकी तलाश पिछले दो साल से हो रही थी। विशेषकर कोरोना संक्रमण-काल की परेशानियों और दुश्वारियों ने शिक्षा से जुड़ी कई शंकाओं को जन्म दिया था। उस वक्त करीब दो साल विद्यालय बंद रहे। ऐसा पहले कभी हुआ नहीं था। सब डर रहे थे कि क्या पारिवारिक मुश्किलों के कारण बच्चों को स्कूल छोड़ना पड़ेगा? छात्रों की पढ़ाई पर किस किस्म का गहरा घाव होगा? बच्चों के भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा? घर-घर में इस तरह की बातों पर बहस जारी थी।



असर सर्वे में इन तमाम सवालों की पड़ताल की गई। यह सर्वेक्षण देश के हर ग्रामीण जिले में किया जाता है। सर्वे के दौरान हर जिले के 30 गांव के 20 घरों को रैंडमली, यानी आकस्मिक ढंग से चुना जाता है, और चुने हुए घरों में से तीन से 16 साल के बच्चों का सर्वे होता है। इसमें पांच से 16 साल के बच्चों के बुनियादी कौशल (पढ़ना और साधारण गणित) की जांच की जाती है। एक-एक बच्चे के साथ बैठकर उनके पढ़ने की क्षमता को समझा जाता है और गणित की उनकी कुशलता को नोट किया जाता है। 2022 में 616 ग्रामीण जिलों में 19,060 गांवों तक पहुंचकर लगभग सात लाख बच्चों से मुलाकात की गई। हर जिले की स्थानीय संस्था अपने जिले का सर्वेक्षण करती है। 2022 में 591 ऐसी संस्थाओं के 27,536 सदस्यों ने 'असर' में भाग लिया। पिछली बार यह देशव्यापी असर सर्वे 2018 में किया गया था।

सवाल यह है कि असर 2022 के आंकड़े हमें क्या बताते हैं? अगर हम 2018 के आंकड़ों से तुलना करें, तो शायद हमें महामारी के कारण आंकड़ों पर पड़ा दो वर्षों का प्रभाव दिख जाएगा। 2018 और 2022 के बीच में दो साल स्कूल नियमित रूप से खुले थे (मार्च 2020 तक), फिर लगभग दो साल महामारी के कारण वे बंद रहे। अप्रैल 2022 के बाद देश के सभी प्राथमिक विद्यालय खुल गए। असर 2022 के आंकड़े इस पूरी कहानी का संक्षिप्त सारांश दिखाते हैं।

इन आंकड़ों को दो तरीके से देखा जा सकता है- एक तरफ नामांकन व उपस्थिति, और दूसरी तरफ, बच्चों की बुनियादी शिक्षा का स्तर। इस बाबत रिपोर्ट के पांच प्रमुख निष्कर्षों को साझा करना आवश्यक है। पहला, कोरोना काल से पहले पूरे हिन्दुस्तान के ग्रामीण भाग में छह से 14 साल के लगभग 97.2 प्रतिशत बच्चे विद्यालय में नामांकित थे। 2022 से यह आंकड़ा न केवल अब तक 98.4 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, बल्कि छह से 10, 11 से 14 और 15 से 16 साल तक की लड़कियों का स्कूल में नामांकन भी बढ़ा है। एक आशंका, जो सबके मन में थी कि कोरोना-काल के बाद लड़कियां, विशेषकर बड़ी लड़कियां स्कूल छोड़ देंगी, तो इसका कोई आभास हमें इस रिपोर्ट में नहीं होता है।

दूसरा, हर राज्य में वर्ष 2018 और 2022 के बीच सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ा है। कई राज्यों में यह वृद्धि 10 प्रतिशत से अधिक हुई है, जैसे उत्तर प्रदेश में, जहां 2022 में सरकारी विद्यालय में 50.4 प्रतिशत बच्चे दाखिल थे, साल 2022 में यह आंकड़ा बढ़कर 63.6 प्रतिशत हो गया, जो देश में सबसे अधिक बढ़ोतरी है। सरकारी स्कूल में नामांकन बढ़ने के इस रुझान को कैसे समझा जाए? क्या यह परिवार की खस्ता हालत के कारण हुआ या महामारी काल में ग्रामीण भारत में कई निजी विद्यालयों का बंद होना इसका कारण है, या सरकारी स्कूल से जुड़े रहने के फायदे साफ-साफ दिखने लगे हैं? मूल वजह को सही-सही बता पाना तो अभी कठिन है, लेकिन आने वाले वर्षों में इन आंकड़ों पर नजर रखी जाए, तो कुछ नई जानकारियां सामने आ सकती हैं।

तीसरा, असर-2022 बताती है कि तीसरी कक्षा में 20.5 फीसदी, चौथी कक्षा में 31.5 फीसदी और पांचवीं कक्षा में 42.8 फीसदी बच्चे सरल कहानी धाराप्रवाह पढ़ सकते हैं। अगर हम बुनियादी क्षमताओं का आकलन करें, तो छोटे बच्चों के ऊपर ज्यादा प्रभाव पड़ा है। 2022 में जो बच्चे तीसरी में थे, उन्हें तो पहली या दूसरी कक्षा में पढ़ने का मौका ही नहीं मिला। 2022 की पांचवीं कक्षा के बच्चे तीसरी कक्षा तक ही स्कूल में पढ़े थे, फिर आगे की पढ़ाई नहीं हो पाई। तब तक जिन्होंने अच्छी तरह से पढ़ना सीख लिया था, वे तो आगे बढ़ पाए, मगर जिनकी पढ़ने की क्षमता उस समय कमजोर थी, वे कोरोना काल में कुछ लड़खड़ा गए। चौथी और पांचवीं कक्षाओं के इन छात्रों के बुनियादी कौशल को इसी वक्त और तेजी से मजबूत करने में मदद मिलनी चाहिए।

चौथा, बड़े बच्चों की कहानी कुछ अलग है। 2018 से 2022 के बीच उनके बुनियादी कौशल में थोड़ी गिरावट आई है, लेकिन पिछले 10 साल में इस स्थिति में बहुत सुधार या प्रगति नहीं दिखाई देती है। जो बच्चे पीछे छूट जाते हैं, वे पीछे ही रह जाते हैं। आठवीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते कुछ बच्चे (69.5 प्रतिशत भाषा में और 44.6 प्रतिशत गणित में) सरल पाठ नहीं पढ़ पाते और साधारण गणितीय क्रियाएं नहीं कर पाते हैं। जाहिर है, इस गहरी समस्या का समाधान हमें तत्काल करना चाहिए।

निस्संदेह, नई शिक्षा नीति आई है। साथ ही, सरकार अलग-अलग तरीके से नए-नए प्रयास कर रही है, ताकि छोटे बच्चे 'निपुण' बन जाएं। तीसरी कक्षा तक आते-आते अगर देश के हरेक बच्चे की नींव पढ़ने, लिखने और गणित अभ्यास में पक्की हो जाए, तो देश का भविष्य बदल जाएगा। मगर इस मंजिल तक पहुंचने के लिए बहुत ही जोरदार कोशिश करनी होगी- विद्यालय में, मोहल्ले में और घर पर। आज तीसरी कक्षा में 30 प्रतिशत से कम बच्चे इस 'निपुण' के लक्ष्य तक पहुंचते हैं। अगले तीन से पांच साल में हमें इस आंकड़े को 100 प्रतिशत तक ले जाना होगा। साथ ही, बड़े बच्चों की नींव को भी मजबूत करने का काम लगातार जारी रखना होगा। आठवीं कक्षा समाप्त होने तक बच्चे न सिर्फ बुनियादी कौशल हासिल करें, बल्कि उनको इस लायक बनाना होगा कि वे आगे की जिंदगी का मुकाबला डटकर कर सकें। तभी हम कह सकेंगे कि 'असर' का असर हुआ है।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# ये कारगर उपाय है?

लगभग 26 हजार वीडीजी को फिर से सक्रिय कर दिया है। सीमावर्ती जिलों में स्थानीय लोगों के हाथों में हथियार देने का कदम सरकार के उस दावे को गलत साबित करता है कि इलाके में हालात सामान्य हैं।

भारत सरकार कश्मीर में हजारों ग्रामीणों को हथियारबंद करने की योजना पर फिर अमल कर रही है। एक बार इन लोगों को हथियारबंद कर अपने-अपने इलाकों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। तब ये उपाय कारगर साबित नहीं हुआ। अब हाल में घाटी में सात नागरिकों की हत्या के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में घाटी में सात आम नागरिकों की हत्या कर दी गई। उसके बाद बताया गया कि अधिकारियों ने आम लोगों के एक सुरक्षा नेटवर्क को दोबारा खड़ा करने का फैसला किया है। इसके तहत लगभग 26 हजार ग्रामीणों में विलेज डिफेंस गार्ड्स (वीडीजी) को फिर से सक्रिय कर दिया है, जो बीते कुछ सालों में निष्क्रिय हो गया था। इस बार कई लोगों को ऑटोमेटिक राइफलें भी दी जा रही हैं। ये योजना कितनी कारगर होगी, यह तो बाद में जाहिर होगा। लेकिन सीमावर्ती जिलों में स्थानीय लोगों के हाथों में हथियार देने का कदम सरकार के उस दावे को गलत साबित करता है कि इलाके में हालात सामान्य हैं। यह स्थिति कश्मीर से संबंधित धारा 370 खत्म करने साढ़े तीन साल बाद की है।



गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी में उग्रवादियों ने एक जनवरी को हमला किया था। इस घटना में हिंदू समुदाय के चार लोगों की मौत हो गई थी और सात घायल हो गए थे। गोलीबारी अलग-अलग तीन घरों पर की गई थी। पिछले साल घाटी में रहने वाले हिंदू परिवारों पर लगातार हमले होते रहे। दिसंबर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया था कि 2020 से 2022 के बीच तीन साल में नौ कश्मीरी पंडितों की मौत हुई थी। मरने वालों में कई ऐसे कश्मीरी पंडित थे, जो प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत घाटी में काम कर रहे 56 कर्मचारियों में शामिल थे। प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत इन 56 कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाया गया और वहां काम दिया गया। यह भारत सरकार की उन कश्मीरी पंडित परिवारों को वापस लाने की कोशिशों का हिस्सा है, जो 1990 के दशक में आतंकवाद के डर से राज्य छोड़कर चले गए थे। वह डर आज भी कायम है। क्या ताजा उपाय से इससे मुक्ति मिलेगी?

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम ने दूर की छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच की दूरी, बच्चों का मनोबल बढ़ने से सुधर रहे परीक्षा परिणाम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जनवरी 2023 को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के छठवें संस्करण में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री छात्रों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास करते हैं और बच्चों को स्ट्रेस फ्री रहने का मंत्र देते हैं। प्रधानमंत्री इस दौरान बच्चों से ऐसे कई मुद्दों पर भी बात करते हैं जिससे बच्चों के मन में आत्मविश्वास पैदा हो ताकि वे हर परिस्थिति से निपटने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें। प्रधानमंत्री ने कई बार चर्चा के दौरान यह कहा है कि परीक्षाओं को एक त्योहार की तरह मनाना चाहिए। प्रधानमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से न सिर्फ बच्चों बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों को भी काफी प्रेरणा मिल रही है। प्रधानमंत्री की बातों का अनुसरण कर कई बच्चे परीक्षा को त्यौहार की तरह ले रहे हैं और बिना स्ट्रेस परीक्षा देने के कारण उन्हें बेहतर रिजल्ट भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच की दूरी काफी कम कर दी है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का मुख्य आयोजन नईदिल्ली के तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा जबकि देश के अन्य प्रदेशों के स्कूली बच्चे वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

दरअसल बोर्ड परीक्षाएं फरवरी और मार्च से शुरू होने वाली है। ऐसे में परीक्षा को लेकर स्ट्रेस होना लाजमी है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में इस बार छत्तीसगढ़ के दस अलग-अलग स्कूलों बच्चे भी शामिल हो रहे हैं। जिसमें रेलवे स्कूल बिलासपुर, एलान्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा, दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर चांपा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोटा बिलासपुर, जैन विद्यापीठ कुम्हारी दुर्ग, कल्यानिका पब्लिक स्कूल पेंड्रा रोड, केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग, ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकादमी नरदहा, केएच मेमोरियल स्कूल भिलाई दुर्ग के बच्चे शामिल हैं।

दिल्ली पब्लिक स्कूल मड़वा प्लांट घोटिया की प्राचार्य कल्पना सिंह का कहना है कि प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम माध्यम से समस्त विश्व को चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया है। इसके माध्यम से पैरेंट्स, बच्चों और टीचर के बीच का कम्यूनिकेशन गैप दूर हो रहा है। बच्चे, पालक के सामने और पालक अपने बच्चों के सामने अपनी बात आसानी से रख सकते हैं। इससे परीक्षा का तनाव दूर हो रहा है और वे एक-दूसरे को भलीभांति समझ रहे हैं। ज्ञानगंगा स्कूल की प्राचार्य प्रतिमा राजगोर का मानना है कि बच्चों को परीक्षा के लिए मानसिक रुप से तैयार करने के लिए यह एक बेहतर प्लेटफॉर्म है। यह कार्यक्रम बच्चों में परीक्षा से पहले तनाव दूर करने मे काफी मददगार साबित हो रहा है। हमारे स्कूल के कक्षा नौंवी से बारहवीं तक के लगभग सभी बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा की प्राचार्य प्रियंका त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लगभग आठ सौ बच्चे शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए काफी मददगार साबित हो रहा है। बच्चों और पैरेंट्स को इसे लेकर बिल्कुल भी तनाव नहीं लेना चाहिए। तनाव किसी भी चीज का सॉल्युशन नहीं है क्योंकि इससे काम बनता नहीं, बिगड़ता है।



इसलिए परीक्षा को अच्छे से हैंडल करना चाहिए। प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम बच्चों को इसी तनाव से दूर रहने की सीख देता है। इसी तरह केएच मेमोरियल स्कूल भिलाई की प्राचार्य विभा झा ने बताया कि परीक्षा के लिए बच्चों के साथ शिक्षकों और अभिभावकों को भी जागरूक होना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम बच्चों और पैरेंट्स के साथ-साथ शिक्षकों को काफी मोटिवेट करता है। इस कार्यक्रम से बच्चों और उनके अभिभावकों का डर दूर हुआ है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बच्चों के परीक्षा परिणाम भी बेहतर आ रहे हैं। इसी कड़ी में चिटौद प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम से बच्चों में एक सकारात्मकता आई है, और बच्चे परीक्षा को त्यौहार की तरह ले रहे हैं।

अंबिकापुर की अदिति सिंह 2020 में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हो चुकीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का वक्तव्य सुनने से उन्हें परीक्षा में काफी मदद मिली और परीक्षा का डर दूर हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की बातें न सिर्फ परीक्षा में बल्कि जीवन से जुड़ी अन्य चीजों में भी काफी मददगार साबित हुए हैं।

### 38.80 लाख प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण

परीक्षा पे चर्चा 2023 के लिए, राज्य बोर्डों, सीबीएसई, केवीएस, एनवीएस और अन्य बोर्डों से बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्ष 2022 की तुलना में इस साल दोगुना पंजीयन हुआ है। इस साल लगभग 38.80 लाख प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है, जबकि परीक्षा पे चर्चा 2022 में लगभग 15.7 लाख प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था। इसके अलावा 150 से अधिक देशों के छात्रों, 51 देशों के शिक्षकों और 50 देशों के अभिभावकों ने भी परीक्षा पे चर्चा 2023 के लिए अपना पंजीयन कराया है।

### ऑनलाइन प्रतियोगिता से चुने गए प्रतिभागी

परीक्षा पे चर्चा 2023 में भाग लेने के लिए कक्षा 9 से 12 वहीं तक के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए 25 नवंबर और 30 दिसंबर 2022 के बीच ऑनलाइन रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए विभिन्न विषयों पर थीम निर्धारित की गई थी। माई गवर्नमेंट पर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से चुने गए लगभग 2050 प्रतिभागियों को एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट प्रदान की जाती है, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा लिखी गई हिंदी और अंग्रेजी में परीक्षा योद्धाओं की पुस्तक और एक प्रमाणपत्र भी शामिल होता है।

### वर्ष 2018 में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की शुरुआत हुई

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की शुरुआत साल 2018 में हुई थी। तब से इसका आयोजन लगातार होता आ रहा है। परीक्षा पे चर्चा को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारे यहां परीक्षा के लिए एक शब्द है 'कसौटी' जिसमें खुद को हमेशा कसना है। हमारी जिंदगी बहुत लंबी और इस जिंदगी में बहुत पड़ाव भी है और उसी कड़ी में परीक्षा एक छोटा सा पड़ाव है।

### छत्तीसगढ़ के दस स्कूलों के हजारों बच्चे होंगे शामिल

बोर्ड परीक्षाएं फरवरी और मार्च से शुरू होने वाली है। ऐसे में परीक्षा को लेकर स्ट्रेस होना लाजमी है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में इस बार छत्तीसगढ़ के दस अलग-अलग स्कूलों बच्चे भी शामिल हो रहे हैं। जिसमें रेलवे स्कूल बिलासपुर, एलान्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा, दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर चांपा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोटा बिलासपुर, जैन विद्यापीठ कुम्हारी दुर्ग, कल्यानिका पब्लिक स्कूल पेंड्रा रोड, केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग, ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकादमी नरदहा, केएच मेमोरियल स्कूल भिलाई दुर्ग के बच्चे शामिल हैं।

**कौशल स्वर्णबेर, वरिष्ठ पत्रकार ( रायपुर )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






# मुख्यमंत्री बघेल ने जिले को दी अनेक विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत खपरी में अधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इसके तहत् तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 40 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक राशि के 17 विकास कार्यों का लोकार्पण और 32 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक राशि के 24 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस तरह कुल 73 करोड़ 1 लाख 78 हजार रूपए के 41 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



तखतपुर विधानसभा क्षेत्र आगमन पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने क्षेत्रवासियों को सौगात देते हुए नर्मदा नदी पर निर्मित टिहुलाडीह एनीकेट, सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल तखतपुर का उन्नयन कार्य, तहसीलदार कार्यालय सकरी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-3 सड़क निर्माण सकरी से एन.एच. 130 परसदा व्हाया चिचिरदा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-3 एन.एच. 130 सम्बलपुरी से लाखासार व्हाया बहतराई, भुंडा से मंगला, भैसाझार सड़क निर्माण व्हाया भौहाकांपा, सकरी से डलडलीहापारा सड़क नवीनीकरण कार्य, खपरी-करगीरोड से साल्हेकापा सड़क नवीनीकरण कार्य, टी-02 मुरू से खरकेना सड़क नवीनीकरण कार्य, जिले के मोछ से मेड़पार मुख्य जिला मार्ग का उन्यन एवं नवीनीकरण कार्य, बिलासपुर के घुटकू पहुंच मार्ग का उन्नयन एवं डामरीकरण कार्य, बिलासपुर के भरनी मेनरोड मेला स्थल से परसदा की ओर मार्ग का निर्माण, बिलासपुर के लिम्हा से फुलतराई मार्ग का निर्माण, बिलासपुर के कोटा मेन रोड से पेंडारी मेन रोड तखतपुर तक मार्ग का निर्माण, बिलासपुर के बराही से चुलहट मार्ग का निर्माण और बिलासपुर के चोरमा से पकरिया मार्ग के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

इसी तरह मुख्यमंत्री श्री बघेल ने घुईया जलाशय के पाथ वे एवं मंदिर प्लेटफार्म का निर्माण, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलपान में अधोसंरचना निर्माण व उन्नयन कार्य, जल जीवन मिशन अंतर्गत तहत ग्राम पंचायत टिहुलाडीह, कोपरा, खरकेना, सागर, सल्हैया, टांडा, विजयपुर, गमजू, खटोलिया, करनकापा, खम्हरिया, काठाकोनी, बुटेना एवं ग्राम पंचायत मेड़पार बाजार में जल प्रदाय योजना के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने नवापारा से कोटा लोरमी रोड व्हाया तांडा एवं तखतपुर से हरदी व्हाया पकरिया तक वृहद पुल निर्माण, जिले के सिंघनपुरी से सल्हैया मार्ग में स्थित फुलवारी नाला में मध्यम पुल का निर्माण, भाड़म से नरोतीकापा मार्ग के मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य, पाली से बुटेना मार्ग निर्माण, जूनापारा से कठमुड़ा मार्ग निर्माण एवं सिलतरा में हाईस्कूल भवन के निर्माण कार्य एवं तखतपुर में 20 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड का शिलान्यास किया।

# नरवा विकासः खारी नाला खारा नहीं बल्कि अब मीठा और लाभप्रद साबित होने लगा किसानों के लिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित सुराजी गांव योजना के तहत नरवा विकास कार्यक्रम अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ वनमंडल के खारी नाला में लगभग 01 करोड़ रूपए की लागत राशि से अर्दन डेम का निर्माण किया गया है। इसके निर्माण से वन क्षेत्रों में जल के स्तर में वृद्धि के साथ-साथ 100 एकड़ रकबा में सिंचाई की सुविधा निर्मित हुई है। उक्त सुविधा के उपलब्ध होने पर वनांचल के किसानों के लिए खारी नाला अब मीठा एवं लाभप्रद साबित होने लगा है।



गौरतलब है कि वनमंडल मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भौता के खारी नाला में 210 मीटर चौड़ाई एवं 10 मीटर ऊंचाई के अर्दन डेम निर्मित की गई है, जिसकी कुल लागत 01 करोड़ रूपए है। इसका कैचमेंट एरिया 55.00 हेक्टेयर है। उक्त अर्दन डेम के निर्माण से निकटतम ग्रामों के लगभग 40 परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होने लगे हैं। जिसमें से 5 सीमांत एवं 35 लघु किसानों के कुल 100 एकड़ रकबा सिंचित होगा एवं जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से ग्रामों के आसपास क्षेत्रों एवं वन क्षेत्रों में जल के स्तर में वृद्धि होगी। इसके फलस्वरूप वनों के पुनरूत्पादन एवं घनत्व में सघन वृद्धि के साथ-साथ वन्यप्राणियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। अन्य परिवारों द्वारा निस्तार के साथ-साथ मछली पालन से संबंधित आजीविका कार्य किया जा सकेगा। निर्मित अर्दन डेम से लगा गौठान बना हुआ है जो पशुधन हेतु लाभप्रद होगा।

गौरतलब है कि वनमंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में वनांचल स्थित नालों में कैम्पा मद के तहत भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण तेजी से जारी है। इस तारतम्य में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख श्री संजय शुक्ला ने बताया कि मनेन्द्रगढ़ वनमंडल स्थित 15 किमी लम्बाई के खारी नाला में कैम्पा मद से वर्तमान में 435 भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है।

इनमें से अब तक 385 भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इनके निर्माण के लिए कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के तहत 4 करोड़ 10 लाख रूपए की राशि स्वीकृत है।

## खास खबर

### जीर्णोद्वार कृत आदिनाथ जिन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 18 फरवरी को दुर्ग में

**दुर्ग।** शहर के हृदय स्थल गांधी चौक सदर बाजार मे परमात्मा आदिनाथ जी का नूतन जिनमंदिर निर्माण पूर्णता की ओर है। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कमेटी के कांतिलाल बोथरा ने बताया की आगामी 12 फरवरी से 19 फरवरी तक मंदिर में परमात्मा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्रतिष्ठा कराने मंदिर निर्माण के प्रेरणादाता प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्रीजिन मणिप्रभसुरिश्वर एवम खरतरगच्छाचार्य श्रीजिन पीयूषसागर सूरीश्वरजी, 70 ठाणा साधु साध्वियो सहित दुर्ग पधार रहे है। प्रतिष्ठा सानंद संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाओ हेतु कमेटियो का गठन हो चुका है ,जिससे महोत्सव पूर्वक प्रतिष्ठा विधि सम्पन होगी। दुर्ग के इस प्राचीन जिन मंदिर का जीर्णोद्धार आचार्य जिनमणिप्रभ सुरिश्वर जी की प्रेरणा से हुआ, 5 वर्षो से लगातार जिनमंदिर का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण समिति के संयोजक भीखम चंद दुग्गड, मदन बरडिया, संदीप निमाणी ने बताया कि मकराना के उच्च क्वालिटी के पत्थर से निर्माण कार्य जारी है जो पूर्णता की और है। विशाल भव्य जिनमंदिर दुर्ग शहर की अलग ही पहचान होगी। 8 दिवसीय इस प्रतिष्ठा महोत्सव में हजारों की संख्या मे बाहर शहर गाँव से अतिथि पधार रहे है । समस्त दुर्ग संघ में उत्साह है , सभी कमेटी के सदस्यों ने , मंडलों ने अपने अपने कार्यो की तैयारी प्रारंभ कर दी है । प्रतिष्ठा समिति के कार्यालय का बांधा तालाब लेक व्यू में उद्घटान हो चुका है।जैन मूर्तिपजक संघ के समस्त सदस्यों में प्रतिष्ठा हेतु अपार उत्साह है । पत्रिकाओं का वितरण कार्यक्रम भी शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। संघ के साधु साध्वी उग्र विहार कर दुर्ग की प्रतिष्ठा हेतु पधार रहे है। श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ दुर्ग के अध्यक्ष महेंद्र दुग्गड, मंत्री प्रकाश गोलछा, प्रतिष्ठा समिति के संयोजक नरेंद्र चोपड़ा बबला एवम मंत्री सीए पदम बरडिया प्रतिदिन प्रत्येक समिति से चर्चा करके कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हो इस हेतु भरसक प्रयास कर रहे है। प्रचार प्रसार प्रभारी दीपक चोपड़ा ने उक्त जानकारी प्रदान की।


# रेलवे स्टेशन में तैनात होगा थ्रेट डिटेक्टिव पलक झपकते ही संदिग्धों की होगी पहचान

**रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में बड़ी रिसर्च, भारत सरकार ने दिया पेटेंट, सुरक्षा एजेंसियों को डिवाइस सौंपने की तैयारी**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और ऐसी ही तमाम भीड़भाड़ वाली जगहों पर अब एक स्पेशल डिटेक्टिव तैनात होगा। यह एक ऐसा सुरक्षा डिवाइस है जो तीन लेयर की सुरक्षा करेगा। रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट पर कोई भी लावारिस सामान रख कर नुकसान पहुंचाने वाले तुरंत धरे जाएंगे। इस डिवाइस को भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज के सीएस विभाग ने तैयार किया है। डिवाइस का नाम है, 'थ्रेट डिटेक्टिव सिस्टम।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करने वाले इस डिवाइस की मदद से कैंपस में भीतर आने वाले हर एक व्यक्ति की स्कैनिंग ऑटोमेटिक हो जाएगी। डिवाइस में लगा स्पेशल कोडिंग युक्त कैमरा सिस्टम मौजूद हर एक व्यक्ति के हावभाग को परखेगा। फेस एक्सप्रेशंस को स्कैन करने पर यदि कुछ भी संदिग्ध लगा तो इसकी सूचना सीधे सुरक्षा अधिकारी तक पहुंचेगी। यही नहीं कैंपस में मौजूद किसी व्यक्ति ने साथ में क्या सामान लाया था, और क्या साथ ले गया इसका भी पूरा ब्योरा रखेगा। लावारिस सामान रखकर निकलने से पहले ही डिवाइस अलार्म बजाएगा साथ ही इसका सूचना उक्त व्यक्ति की फोटो और वीडियो सहित सुरक्षा कार्यालय को भेजेगा।



### संदिग्ध की होगी पहचान

डिवाइस की टीम लीडर डॉ. हूमा ने बताया कि खासकर रेलवे स्टेशन पर किसी संदिग्ध या अपराधी को तलाश करना बेहद मुश्किल होता है। अभी तक पुलिस मैनुअल तरीके से संदिग्ध को परिसर में तलाश करती है, लेकिन इस डिटेक्टिव की मदद से पुलिस का काम बेहद आसान हो जाएगा। डिवाइस के डेटा बेस में उक्त संदिग्ध का फोटा, कदकाठी सरीखी जानकारियां फीड करने के बाद इसकी हाईटेक आंखे पूरे परिसर में फैल कर संदिग्ध को तलाश करेंगी। भेस बदलकर आने वाले को भी इसका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम खोज कर लेगा।

### रेलवे को सौंपने की तैयारी

रूंगटा आर-1 ग्रुप के डायरेक्टर सोनल रूंगटा ने बताया कि इस पेटेंट मिलने के साथ ही डवलपर्स फैकल्टी इसमें और रिसर्च के लिए जुट गए हैं। यह डिवाइस जल्द ही भारतीय रेलवे को सौंपने की तैयारी है। थ्रेट डिटेक्टिव डिवाइस की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी करेंगे। इसे सिर्फशासकीय सुरक्षात्मक एजेंसियों को ही दिया जाएगा।

### नहीं किया जा सकता हैक

इस एडवांस डिटेक्टिव को भारत सरकार ने पेटेंट जारी कर दिया है। इस तैयार करने वाली फैकल्टी डॉ. हूमा खान, डॉ. आराधना साहू और सुशील जनार्दन ने बताया कि डिवाइस की कोडिंग पूरी तरह से एंड-टू-एंड इनक्रिप्टिव है, इसलिए इसे हैक नहीं किया जा सकता। आम तौर पर रेलवे स्टेशन में अभी तक मेटल डिटेक्टर से ही जांच की जाती है, लेकिन इसमें कई बार चूक रह जाती है और बड़े हादसे होते हैं। इस स्पेशल डिटेक्टिव की मदद से इस तरह की घटनाओं को समय रहते रोक सकेंगे और संदिग्ध की पहचान भी तुरंत उजागर होगी।

### दुर्घटना से पहले करेगा आगाह

किसी व्यक्ति का कोई सामान चलते हुए गिरेगा तक भी इसके बारे में सूचना संबंधित कार्यालय को मिल जाएगी। डिवाइस उक्त व्यक्ति के हावभाव, फेस एक्सप्रेशन और चलते समय की हलचल को डिटेक्ट कर बताएगा कि व्यक्ति ने सामान जानबूझकर गिराया है या फिर किसी वजह से गिर गया है। इसी तरह रेलवे स्टेशन में बेवजह बैठकर पटरियों और अन्य जगहों पर टहल रहे व्यक्तियों की जानकारी भी भेजी जाएगी इसकी मदद से उन लोगों को भी बचाया जा सकेगा, जो आत्महत्या के इरादे से टैक पर टहल रहे होते हैं।

# गांवों की उन्नति से ही होगी देश की उन्नति - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था भारत की आत्मा गॉव में बस्ती है। इसलिए गॉव की उन्नति से ही देश की उन्नति संभव है। राष्ट्रपिता के इसी परिकल्पना को साकार करने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा की स्थापना की जा रही है।

कलेक्टर शर्मा आज पाकुरभाट स्थित जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने इस कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, महिला स्वसहायता समूह के सदस्य एवं क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधियों को उनके ग्राम पंचायत में स्थापित की जा रही महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यशाला में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका वास्तव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी,जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर शर्मा ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के स्थापना के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि रीपा के निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही ग्रामीणों को रोजगार मिलने लगेगा। इसके साथ ही रीपा के विभिन्न क्रियाकलापों में गॉव के युवा बेरोजगारों के अलावा महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों की सक्रीय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण में जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित 10 ग्रामों में ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को 18 फरवरी तक जिले के सभी ग्रामीण औद्योगिक पार्कों का शुभारंभ सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके निर्माण कार्य हेतु अच्छी गुणवत्ता के निर्माण सामग्रियों का उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने रीपा के उत्पादों की ब्रांडिंग, रीपा के सफल संचालन की विभिन्न प्रविधियों तथा इसके अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों आदि के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अन्य जनप्रतिनिधियों से रीपा के स्थापना के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया एंव गौठानों में किए जा रहे है।

# तृतीय लिंग विमर्श पर छत्तीसगढ़ में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सेमीनार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के हिन्दी विभाग द्वारा 'तृतीय लिंग विमर्शः कल, आज और कल' विषय दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। देश व प्रदेश के उभयलिंगी समुदाय के उत्थान के उद्देश्य से आयोजित इस सेमीनार में छत्तीसगढ़ सहित देश व विदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार, विषय विशेषज्ञ तथा तृतीय लिंग समुदाय के प्रतिनिधिगण हिस्सा ले रहे हैं। तृतीय लिंग विमर्श पर आयोजित किया जाने वाला यह छत्तीसगढ़ का प्रथम अंतरराष्ट्रीय सेमीनार है।

मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सेमीनार की संयोजक डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि इस सेमीनार का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी 2023 को किया जा रहा है।

इस सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केशरी लाल वर्मा, अमेरिका के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेम भारद्वाज, तृतीय लिंग विमर्श की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. लता अग्रवाल (भोपाल), विश्व हिन्दी साहित्य सेवा संस्थान, प्रयागराज उत्तप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. शेख शहाबुद्दीन, कॉटन यूनिवर्सिटी, छत्तीसगढ़ तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड की सदस्य एवं पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान से सम्मानित सुश्री विद्या राजपूत, छत्तीसगढ़ तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड की सदस्य सुश्री रवीना बरिहा और देश की प्रथम उभयलिंगी ज्योतिषी भैरवी अमरानी आमंत्रित हैं।

## ग्राम सभा का आयोजन 23 से 29 तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के अंतर्गत प्रत्येक तीन माह में ग्रामसभा का आयोजन किये जाने का प्रावधान है, जिसके परिपालन में जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 23 से 29 जनवरी तक ग्राम सभा आयोजन किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ग्राम सभा के आयोजन में कोविड-19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश भी दिये गये हैं। समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा की तिथि निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया है।









## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 25 अप्रैल से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा-2023 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 25 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई 2023 तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः 8.30 से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। केन्द्राध्यक्ष द्वारा अवकाश के दिनों में विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा ली जाएगी। परीक्षाकाल में शासन द्वारा यदि कोई अवकाश अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षाएं यथावत परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के सचिव ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। रायपुर के परीक्षार्थियों के लिए उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 25 अप्रैल को गणित, 27 अप्रैल को विज्ञान, 29 अप्रैल को सामाजिक विज्ञान, 01 मई को विशिष्ट उर्दू, 03 मई को सामान्य अंग्रेजी एवं सामान्य संस्कृत, 04 मई को सामान्य हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे। हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 25 अप्रैल को इतिहास, भौतिकी व्यवसाय अध्ययन, 27 अप्रैल को भूगोल, रसायन, लेखाशास्त्र, 29 अप्रैल को अर्थशास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, 01 मई को राजनीतिक शास्त्र, 03 मई को विशिष्ट उर्दू, 04 मई को समाज शास्त्र, 6 मई को सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिन्दी के पर्चे होंगे। उर्दू अदीब प्रमाण-पत्र परीक्षा के तहत 25 अप्रैल को नस्र व तारीख उर्दू, 27 अप्रैल को सामान्य अंग्रेजी, 29 अप्रैल को जनरल साइंस, समाजी उलूम और हिन्दी, 01 मई को नज्म, इन्शा व कवायद उर्दू के प्रश्न पत्र होंगे।

अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023

# फूड फेस्टिवल संगोष्ठियों से आमजनों को किया जाएगा जागरूक

### 26 जनवरी पर सभी ग्राम सभाओं में मिलेट्स की उपयोगिता पर होगा विशेष वाचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पारम्परिक रूप से मिलेट्स की खेती की जाती है। प्रदेश में मिलेट्स से उत्पादन की संभावना के मद्देनजर मिलेट्स मिशन चलाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में जनवरी से दिसम्बर तक मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है।



छत्तीसगढ़ में इसी तरह फूड फेस्टिवल, मेला तथा संगोष्ठियां तथा अन्य प्रचार के माध्यम से किसानों और आमजनों को मिलेट्स के प्रति जागरूक किया जाएगा जिसकी कार्ययोजना बनाई गई है। राज्य के सभी ग्राम सभाओं में आगामी 26 जनवरी को 'पौष्टिक लघु धान्य अनाजों का दैनिक आहार में महत्व' पर विशेष रूप से वाचन किया जाएगा। इसके लिए एक विशेष प्रारूप भी तैयार किया गया है।

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमल प्रीत सिंह ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलें के कलेक्टरों को पत्र लिखा है। इसके साथ ही प्रति माह की कार्ययोजना भी दी गई है। इसके अंतर्गत जनवरी महिने की 7,14,21 और 28 तारीख को हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल के बच्चों के लिए मिलेट्स के उपयोगिता पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों द्वारा अपना उद्बोधन दिया जाएगा। इसी तरह 10 से 15 जनवरी के मध्य कलस्टर स्तर पर और 28 से 30 जनवरी के मध्य राज्य स्तर पर शासकीय चिकित्सालयों में फ्लैक्स, होर्डिंग इत्यादि प्रचार के माध्यमों से मिलेट्स के उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। इसी कड़ी में 13 से 30 जनवरी के मध्य प्रदेश के सभी 22 कृषि विज्ञान केन्द्रों में लगभग 550 किसानों का पोस्ट हार्वेस्ट मेनेजमेंट ऑफ मिलेट्स विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। 20 जनवरी को विशेष रूप से बस्तर में और 28 जनवरी को राजनांदगांव जिला स्तर पर मिलेट्स पर आधारित गतिविधियां जैसे मेला, फूड फेस्टिवल इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल की ओपीडी में 1251 मरीजों का कल हुआ इलाज

### मेजर ओटी में 12 बड़े ऑपरेशन हुए, माइनर ओटी में भी कई ऑपरेशन किए गए




**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में आज अन्य दिनों की भांति बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) का संचालन किया गया। सीनियर डॉक्टरों ने अपने-अपने विभाग में ओपीडी की व्यवस्था संभाली। सभी विभागों को मिलाकर आज कुल 1251 मरीजों का पंजीयन तथा उपचार ओपीडी में हुआ।

वर्तमान में चिकित्सालय में 805 मरीज भर्ती हैं। मेजर ओटी में आज 12 बड़े ऑपरेशन हुए। ओपीडी से लगे हुए अन्य विभागों की माइनर ओटी में भी माइनर ऑपरेशन किए गए। आंकोसर्जरी में एक मेजर ऑपरेशन तथा चार सामान्य प्रोसिजर किए गए। वहीं कॉर्डियोलॉजी विभाग के कैथलैब में दो कार्डियक प्रोसिजर तथा 29 ईको, पांच टीएमटी एवं 17 ईसीजी जांच की गई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में सुबह आठ बजे से लेकर शाम छह बजे तक पांच नॉर्मल डिलीवरी एवं नौ सिजेरियन डिलीवरी हुई।

इमरजेंसी, ट्रॉमा तथा अन्य वार्डों में सीनियर डॉक्टरों के साथ जूनियर एवं सीनियर रेजीडेंट्स तथा इन-सर्विस डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.बी.एस. नेताम ने बताया कि मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीनियर डॉक्टरों ने नर्सिंग एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ के सहयोग से ओपीडी का सुचारू रूप से संचालन किया। चिकित्सालय में मरीजों का इलाज अबाध रूप से जारी रहे, इसके लिए सीनियर डॉक्टरों के सहयोग से वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जा रही है।

# मुसीबत में फंसी महिलाएं टोल फ्री नंबर 181 और सखी सेंटर से लें मदद

### फेसबुक, ट्विटर और वाट्सअप के माध्यम से भी मांग सकती हैं सहायता

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** महिलाओं को घर के भीतर और बाहर अनेक प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ऐसी हर परिस्थिति में महिलाओं की चौबीसों घंटे सहायता करने के लिए सरकार द्वारा व्यवस्था सखी सेंटर और महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की घटना, प्रताड़ना या संकट होने पर महिलाएं त्वरित सहायता और आपातकालीन सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 पर मोबाइल या लैंडलाईन से कॉल कर मदद ले सकती है। यह नंबर चौबीसों घंटे काम करता है और यह निःशुल्क सेवा है। इसके साथ पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए छत्तीसगढ़ के पुराने सभी 27 जिलों में सखी सेंटर संचालित हैं। ये सेंटर मुसीबत में फंसी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आश्रय, पुलिस, विधिक जैसी सभी प्रकार की सहायता एक स्थान पर ही उपलब्ध कराते हैं।

फोन करना संभव न हो तो महिलाएं वाट्सअप, फेसबुक, ट्विटर, ईमेल और वेबसाइट के माध्यम से भी महिलाएं हेल्पलाइन-181 से मदद ले सकती हैं। महिला हेल्पलाईन द्वारा तत्काल सहायता पहुचाने के लिए राज्य में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, पुलिस, हॉस्पिटल, सुधार गृह सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय कर प्रकरण का निराकरण किया जाता है। सेंटर में प्रकरण दर्ज होने के बाद उसके निराकरण तक फॉलोअप भी किया जाता है।

किसी महिला की तरफ से कोई दूसरा व्यक्ति भी मदद के लिए 181 नंबर पर कॉल कर सकता है। यहां न सिर्फ महिलाओं की हिंसा या दुर्घटना में मदद की जाती है, बल्कि सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आवास योजना में आने वाली दिक्कतों में भी सहायता की जाती है। यहां विधिक सेवा और सखी सेंटरों की मदद से महिलाओं की न्यायतंत्र तक पहुंच और कानूनी सहायता प्राप्त करने में भी सहायता की जाती है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं भी मदद के लिए फोन कर सकती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए यहां महिलाओं को कानूनी सलाह, स्वास्थ्य और आश्रय संबंधी सहायता पहुंचाई जाती है।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को संकटकालीन परिस्थितियों में तुरंत सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से रायपुर में 25 जून 2016 से राज्य स्तर पर महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 का संचालन किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन सेंटर पूरे छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सहायता के लिए समन्वय करता है और सहेली की तरह महिला की मदद करता है। राज्य में महिला हेल्पलाइन से अब तक 18 हजार से अधिक प्रकरण दर्ज किये गए हैं, इनमें से 15 हजार 417 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है शेष प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने सिविल सर्जन्स और हॉस्पिटल कंसल्टेंट्स की ली बैठक

# अस्पतालों में ओपीडी व आईपीडी बढ़ाने और सभी डॉक्टरों को जेनेरिक दवाई लिखने के दिए निर्देश

### मरीजों की सुविधा बढ़ाने समय-सीमा में काम पूर्ण करने कहा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित कराने स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने इंद्रावती भवन में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों, सभी जिलों के सिविल सर्जन और हॉस्पिटल कंसल्टेंट की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं, प्रसूति सेवाओं, दंत चिकित्सा, लैब सुविधाओं, एक्स-रे, सीटी स्कैन और आईसीयू सुविधा सहित फायर सेफ्टी, पॉवर ऑडिट, पोस्टमार्टम एवं इन्फेक्शन कंट्रोल की समीक्षा की। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान और महामारी नियंत्रण के संचालक डॉ. सुभाष मिश्रा भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने बैठक में सभी डॉक्टरों को जेनेरिक दवाई ही लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल सर्जन्स को अस्पताल परिसर में ब्रांडेड दवाईयों के पोस्टर लगे होने और डॉक्टरो द्वारा ब्रांडेड दवाई लिखे जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव्स के विजिट पर पूर्ण पाबंदी लगाने को कहा। उन्होंने जिला अस्पतालों में जनरल बॉडी मीटिंग, एग्जीक्यूटिव मीटिंग, क्वालिटी व इंफेक्शन कंट्रोल तथा अन्य महत्वपूर्ण बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री प्रसन्ना ने जिला अस्पतालों में ओपीडी और आईपीडी सेवा बढ़ाने को कहा। उन्होंने सभी जिलों से एएनसी जांच को बढ़ाने तथा अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को जल्द पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों का इलाज सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए प्रत्येक कार्य की समय-सीमा तय होनी चाहिए ताकि मरीजों को नई सुविधाओं का लाभ जल्द मिल सके। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं भीम सिंह ने बैठक में अस्पतालों में उपलब्ध निःशुल्क डायलिसिस सेवा का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने को कहा जिससे कि किडनी रोगों से पीड़ित मरीजों को इसका लाभ अपने निकटतम जिला अस्पताल में मिल सके।

# सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन तत्परता से किया जाएः मुख्य सचिव अमिताभ जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन तत्परता से किया जाए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फ्लैगशिप योजनाओं के अपडेट्स नियमित रूप से प्रत्येक माह सीएम सचिवालय के सीएम डेसबोर्ड पर अपलोड किए जाएं। मुख्य सचिव जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राम-वन-गमन-पथ निर्माण, राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नजूल भूमि का सीमांकन तथा आबंटन, औद्योगिक इकाई से जल कर की वसूली, ई.डब्ल्यू.एस. के लिए आरक्षित भूखण्डों के उपयोग और अवैध निर्माण नियमितीकरण अधिनियम के प्रकरणों के निराकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने राम वन गमन पथ निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी राम-वन-गमन-पथ मार्ग के कार्यों की मौके पर पहुंचकर निगरानी करें। साथ ही राम वन गमन पथ पर साइन बोर्ड लगाने, रोड मेप और राम वन गमन पथ निर्माण का प्रस्तुतिकरण तैयार करने के निर्देश टूरिज्म विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निजी औद्योगिक इकाईयों सहित अन्य उद्योगों से जल कर वसूली में तेजी लाएं। राजस्व विभाग के अधिकारियों को अविवादित नामांतरण, सीमांकन और अतिक्रमित नजूल भूमि के सीमांकन और आबंटन के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रकरणों को निपटाने, संभागायुक्तों को अपने क्षेत्र की तहसीलवार समीक्षा करने के निर्देश मुख्य सचिव ने दिए हैं। इसी तरह अवैध निर्माण नियमितिकरण के आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से करने, नगरीय निकायों में विशेष अभियान चलाकर लोगों को जानकारी देने और इस कार्य में नगरीय निकायों के पार्षद एवं पदाधिकारियों से भी आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में मुख्य सचिव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं नगर एवं ग्राम निवेश के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने कहा है। बैठक में ई.डब्ल्यू.एस. हेतु आरक्षित भूखण्डों के उपयोग की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, राजस्व विभाग के सचिव एन.एन.एक्का, लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक नगरीय प्रशासन अयाज तम्बोली, संचालक नगर एवं ग्राम निवेश जयप्रकाश मौर्य सहित पर्यटन, जल संसाधन, वन, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# मिलेट्स कैफे में रागी के सूप और कोदो कुटकी के भजिये का चख सकेंगे स्वाद

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में शहर के पहले मिलेट्स कैफे की शुरुआत हो रही है। कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस आज कैफे का उद्घाटन किया जाएगा। यहां पर कोदो, कुटकी, कंगनी, रागी, सावां, ज्वार, बाजरा, रागी का सूप, कोदा के भजिया, मक्का से बने 20 से ज्यादा प्रकार के खाद्य पदार्थ मिलेंगे। कैफे में 20 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। कैफे में रेडी टू ईट और रेडी टू कुक दोनों तरह के उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। शुरुआत में कैफे को विश्वविद्यालय प्रशासन खुद चलाएगा। इसके बाद मिलेट्स का स्टार्टअप शुरू करने वाले लोगों को कैफे चलाने के लिए दिया जाएगा। इधर मिलेट्स का स्टार्टअप चला रही कविता देव से प्रशासन ने संपर्क किया है। कविता हाल ही में मिलेट डोसा बटर बनाई है। इसे एक सप्ताह के अंदर बाजार में लाने की तैयारी चल रही है। मिलेट डोसा बटर से लोग इडली और डोसा बना सकेंगे। इसे पांच दिन तक फ्रीज में स्टोर कर रख सकते हैं। अभी मोटे अनाज यानी मिलेट्स से क्रीम बिस्किट, नमकीन बिस्किट, दूध बिस्किट, रागी पीनट बटर, ज्वार पीनट बटर, उपमा, पोंगल, खिचड़ी,इडली, डोसा, रागी का सूप, पकौड़े, कोदो के भजिया, कुटकी का छत्तीसगढ़ी फरा, रागी, कुटकी का चीला जैसे कई खाद्य पदार्थ बन रहे हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# कोर मसल्स को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं ये 5 एक्सरसाइज



इंसान के पेट, रीढ़ की हड्डी और कूल्हों पर कुछ कोर मसल्स होती हैं और इनकी चलने-फिरने से लेकर रोजाना किए जाने वाले शारीरिक कार्यों में अहम भूमिका होती है। कमजोर कोर मसल्स कई परेशानियों का कारण बन सकती है। ऐसे में इनका मजबूत होना बेहद जरूरी है। अमूमन लोग इनकी मजबूती के लिए जिम जाते हैं, लेकिन आप घर पर ही कुछ एक्सरसाइज करके भी इन्हें मजबूत बना सकते हैं। आइए आज आपको इसके लिए पांच एक्सरसाइज बताते हैं।

### प्लैंक एक्सरसाइज

प्लैंक के लिए सबसे पहले घुटने मोड़कर जमीन पर बैठ जाएं और दोनों कोहनियों को फर्श पर टिकाकर आपस में बांध लें। अब पैरों को फैलाकर पेट के बल लेट जाएं। इस दौरान आपके कंधे और कोहनियां एक सीध में होने चाहिए। कोहनी को कसकर रखें और शरीर का वजन पैरों की उंगुलियों और हथेलियों पर रखें। पांच-छह मिनट इसी स्थिति में रहें। इसके बाद धीरे-धीरे एक्सरसाइज छोड़ते हुए सामान्य स्थिति में आ जाएं।

### ब्रिज एक्सरसाइज

सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेट जाएं। इसके बाद अपने पैरों को ऐसे मोड़ें जिससे शरीर का निचला हिस्सा ब्रिज जैसा दिखने लगे। इस दौरान अपने दोनों हाथों को एड़ियों के करीब लाने की कोशिश करें। अब अपने कूल्हों को धीरे-धीरे एक मिनट तक ऊपर-नीचे करें। यह ब्रिज एक्सरसाइज का एक रेप्स है। ऐसे कम से कम पांच रेप्स करें। आप चाहें तो अपनी सुविधा के लिए सिर के नीचे एक तौलिये को लपेटकर रख सकते हैं।

### सुपरमैन एक्सरसाइज

सबसे पहले फर्श पर पेट के बल लेट जाएं। फिर अपने हाथों को आगे की ओर फैलाकर तानें। अब अपने दोनों हाथों और पैरों को तब तक उठाएं जब तक कि आपकी पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियां सिकुड़ न जाएं। इस दौरान अपने पेट को फर्श से थोड़ा ऊपर उठाने की कोशिश करें और कुछ सेकंड के लिए इसी स्थिति में रहें।

### लेग रेज एक्सरसाइज

इसके लिए सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। इस दौरान दोनों हाथों को सीधा फर्श से चिपका के रखें, जिसमें आपकी हथेली नीचे के तरफ जमीन से जुड़ी रहें। अब सांस को सामान्य रखते हुए दोनों पैरों को ऐसे ऊपर की ओर सीधा करें कि शरीर से 90 डिग्री का कोण बन जाएं। अपने दोनों पैरों को इस स्थिति में 15 से 20 सेकंड रोक कर रखें, फिर पहले वाली स्थिति में आ जाएं।

### माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज

माउंटेन क्लाइंबर के लिए जमीन पर घुटनों के बल बैठें और फिर अपनी दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें। अब अपने दोनों पैरों को पीछे की ओर सीधा कर लें। इसके बाद अपने दाएं पैर के घुटने को मोड़ें और इसे अपनी छाती की ओर लाएं। जब आप दाएं पैर को सीधा करें तो अपने बाएं पैर के घुटने को अपनी छाती की ओर लाएं। कुछ मिनट तक ऐसे ही अपने पैरों को चलाते रहें।

## आलिया की पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन की रिलीज डेट जारी, नेटफ्लिक्स ने किया ऐलान



भले ही स्टार किड होने के चलते आलिया भट्ट को बॉलीवुड में ब्रेक आसानी से मिल गया हो, लेकिन आगे का रास्ता उन्होंने खुद तय किया है। अपनी पहली ही फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया था। अब आलिया हॉलीवुड में भी अपना दमखम दिखाने वाली हैं। उनकी पहली विदेशी फिल्म है हार्ट ऑफ स्टोन, जिसकी रिलीज डेट जारी हो गई है। आइए जानते हैं कब आएगी आलिया की यह फिल्म।

आलिया के साथ फिल्म में अभिनेत्री गैल गैडोट और अभिनेता जेमी डोर्नन हैं। इसका प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने इस साल अपनी आने वाली सभी बड़ी फिल्मों और सीरीज की रिलीज डेट बताते हुए एक वीडियो जारी किया है। हार्ट ऑफ स्टोन 11 अगस्त, 2023 को आ रही है। सामने आए फिल्म के फुटेज में गैल किसी खतरे से भागती दिख रही हैं, वहीं आलिया एक बार में नजर आ रही हैं। जेमी की झलक भी इसमें दिखी है। जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज भी इसी साल नेटफ्लिक्स पर आने वाली है। इसके जरिए खुशी कपूर, सुहाना खान और अगस्त्य नंदा जैसे स्टार किड्स अभिनय जगत में शुरुआत कर रहे हैं। अनुष्का शर्मा की कमबैक फिल्म चकदा एक्सप्रेस भी इसी प्लेटफॉर्म पर आएगी।

पिछले साल मार्च में आलिया ने अपनी इस फिल्म की घोषणा की थी और गैल व जेमी के साथ काम करने को लेकर उत्साह भी जाहिर किया था। फिल्म में आलिया के किरदार का नाम कीया धवन है। उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया। चर्चा है कि आलिया की भूमिका दिलचस्प होने वाली है। वह फिल्म में जबरदस्त एक्शन करती दिखेंगी। हार्ट ऑफ स्टोन टॉम हार्पर के निर्देशन में बन रही है।

गैल एक इजराइली अभिनेत्री, मॉडल और निर्माता हैं। वह फास्ट एंड फ्यूरियस से लेकर जस्टिस लीग जैसी कई सफल फिल्मों से जुड़ीं, लेकिन वंडर वुमन बनकर गैल दुनियाभर में मशहूर हुईं। दूसरी तरफ जेमी ने सुपरहिट फिल्म फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे में काम किया है।

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड में भी अपना जलवा बिखेर रही हैं। उन्होंने शो क्वांटिको से अपने हॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। दीपिका पादुकोण ने विन डीजल के साथ ट्रिपल एक्स- जेंडर के साथ हॉलीवुड में कदम रखा था। ऐश्वर्या ब्राइड एंड प्रेजुडिस, प्रोवोक्ड, द पिंक पैंथर 2 और द मिस्ट्रेस ऑफ स्पाइसेस में दिख चुकी हैं। शबाना आजमी ने मैडम सौसत्जका और सिटी ऑफ जॉय में काम किया। तब्बू नेमसेक और लाइफ ऑफ पाई में दिखी थीं। आलिया जल्द ही करण जौहर के निर्देशन में बन रही फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में दिखेंगी। इसमें उनकी जोड़ी रणवीर सिंह के साथ बनी है।

### थलपति विजय की फिल्म वारिसु ने 7 दिन में पार किया 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा


रश्मिका मंदाना और थलापति विजय की वरिसु बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म ने केवल सात दिनों में दुनियाभर में 210 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। ऐसे में अब यह फिल्म इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। इस खबर की पुष्टि करते हुए निर्माताओं ने ट्विटर पर लिखा, ट्रिपल आह को 7 दिनों में आपका प्यार मिला। 210 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है। वारिसु 13 जनवरी, 2023 को हिंदी समेत अन्य भाषाओं में रिलीज हुई थी, जो एक फैमिली मसाला एंटरटेनर फिल्म है। वामसी पेडिपल्ली ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जबकि फिल्म में विजय के साथ रश्मिका मंदाना नजर आई हैं। इस फिल्म के साथ सिनेमाघरों में थुनिवु ने भी दस्तक दी थी, जिसमें अजित के साथ अभिनेत्री मंजू वारियर हैं। फिल्म के निर्माता बोनी कपूर हैं। इसको भी दर्शकों द्वारा काफी प्यार मिल रहा है।

### तू झूठी मैं मक्कार में श्रद्धा के प्यार में पड़े नजर आएंगे रणबीर

प्यार और रोमांस का मौसम और भी पास आ चुका है। ऐसे में लव रंजन ने भी रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर बहुप्रतीक्षित रोमांटिक कॉमेडी तू झूठी मैं मक्कार के साथ सामने आने की तैयारी भी कर चुके है। यह फिल्म जितनी नई केमिस्ट्री दिखाने का वादा भी कर चुकी है। रणबीर कपूर, जिन्हें एक रोमांटिक हीरो के रूप में काफी तारीफ भी मिलने लगी है, वह अपनी सबसे पसंदीदा स्टाइल में वापसी करने जा रही है। जिसके साथ ही श्रद्धा का फिल्म से जुड़ना मूवी में चार चांद जुड़ने जैसा है जो रणबीर को पूरी तरह से कॉम्प्लीमेंट भी कर रहे है।

मूवी में रणबीर और श्रद्धा की फ्रेंश एंव खूबसूरत जोड़ी इस मूवी को पहले से कहीं अधिक आशाजनक बनाती है। खबरों का कहना है कि निर्माताओं ने अब तक श्रद्धा द्वारा निभाई गई झूठी और मक्कर रणबीर की पहली कुछ क्यूट झलकियों के साथ मूवी का टाइटल वीडियो रिलीज कर दिया गया है। वीडियो ने हमें तू झूठी मैं मक्कार की चुलबुली और शरारती दुनिया की झलक दिखाई और फिल्म के लिए दर्शकों की उत्सुकता भी बढ़ाई। तू झूठी मैं मक्कार लव रंजन द्वारा निर्देशित भी कर चुके है। बता दें कि इस मूवी को लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित किया गया हैं, वहीं टी-सीरीज़ के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा इसे प्रस्तुत भी कर दिया है। यह 8 मार्च 2023 को होली के दिन दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक उत्सव के रूप में रिलीज होने के लिए तैयार भी हो चुके है।

# कानों में सुनाई देती है अजीब आवाजें तो राहत पाने के लिए आजमाएं ये तरीके



जब कान के परदे के अंदर और बाहर के दबाव में अंतर होता है तो इससे कान में अलग-अलग तरह की अजीब आवाजें आने लगती है। ये आवाजें काफी परेशान करने वाली हो सकती हैं। ईयरवैक्स का जमाव, गलत तरीके से कान की सफाई या कोई संक्रमण होने के कारण कान में ऐसी आवाजें आ सकती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे तरीके बताते हैं, जो इस समस्या को दूर करने में प्रभावी साबित हो सकते हैं।

### कान की करें सिकाई

अगर आपको कान में से अजीब आवाजें आ रही हैं तो हॉट पैड से कान की सिकाई करें। अगर हॉट पैड न हो तो एक सूती कपड़ा लें और गैस पर तवा गर्म कर लें। अब कपड़े की कई तह बनाकर उसे गर्म तवे से छुएं और फिर इससे कान के आस-पास की सिकाई करें। रोजाना कुछ मिनट ऐसा करने से आपको काफी हद तक समस्या से राहत मिल सकती है।

### हाइड्रोजन पेरोक्साइड का करें इस्तेमाल

सबसे पहले किसी सपाट जगह पर करवट लेकर लेट जाएं। एक दवा ड्रॉपर में थोड़ी हाइड्रोजन पेरोक्साइड लें और इसे कान में डालें। सुरक्षा के लिए किसी की मदद लें। 10 से 15 मिनट के लिए हाइड्रोजन पेरोक्साइड को अपने कान में छोड़ दें। फिर यही प्रक्रिया दूसरे कान के लिए भी दोहराएं। इससे आपको पहली बार में ही काफी आराम मिल जाएगा।

### गर्म पानी से नहाएं

अगर आप कान की अजीब आवाजों से परेशान है तो इससे राहत पाने के लिए रोजाना गर्म पानी से नहाएं। कई अध्ययन इस बात का जिक्र करते हैं कि गर्म पानी से कान को भाप मिलती है, जिससे कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि नहाने का पानी आपकी सहन शक्ति के अनुसार ही गर्म होना चाहिए। अधिक गर्म पानी से आपनी त्वचा के जलने का खतरा हो सकता है।

### कोल्ड कंप्रेस से भी मिल सकती है राहत

अगर आप कान की अजीब आवाजों से जल्द राहत पाना चाहते हैं तो इसके लिए कोल्ड कंप्रेस का इस्तेमाल करना लाभदायक हो सकता है। दरअसल, ठंडे पानी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो कान के संक्रमण को दूर करके अजीब आवाजों से छुटकारा दिला सकते हैं। राहत के लिए तौलिए का थोड़ा सा हिस्सा ठंडे पानी में डुबो लें और फिर इसे निचोड़कर चार-पांच मिनट तक प्रभावित कान पर लगाकर रखें। यकीनन इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

### बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें

इस समस्या से राहत पाने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इसके लिए दो चम्मच पानी में थोड़ा बेकिंग सोडा मिलाकर पतला घोल बनाएं। अब इस घोल की कुछ बूंदे अपने कान में डालकर एक से दो मिनट के लिए रूके। इसके बाद कान को जमीन की तरफ झुकाएं ताकि बेकिंग सोडा का घोल निकल जाएं।

# मृणाल ठाकुर के सिंपल लुक ने जीता फैंस का दिल



बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपने सादगी भरे अंदाज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। वहीं एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने ब्लैक कलर के आउटफिट में अपनी गजब की तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने ब्लैक कलर की डीपनेक आउटफिट में बेहद ही किलर अंदाज में पोज दिए हैं। उनके सादगी भरे अंदाज को देखकर कोई भी उन पर अपना दिल वार देगा। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इस आउटफिट में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने न्यूड मेकअप के साथ कर्ल हेयर स्टाइल को कैरी कर रखा हैं। सीता रामम मूवी में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के लुक्स को देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए। साथ ही उनके लुक्स को काफी पसंद किया। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। ग्लोइंग फेस और सिंपल आउटफिट में मृणाल को देखकर फैंस नजरें हटाने को राजी नहीं हैं। फैंस उनकी इंस्टा पोस्ट पर लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। मृणाल ठाकुर महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। साथ ही उनकी मातृभाषा मराठी है। मृणाल पढ़ने में काफी होशियार रही हैं। साइंस और हेल्थ डिपार्टमेंट उनकी इतनी रुचि थी कि उन्होंने दंत चिकित्सक की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल किए। लेकिन, एक्ट्रेस बनने के लिए मृणाल ने वो सपना वहीं छोड़ दिया। मृणाल अपने फिल्मी सफर और सक्सेस से बहुत खुश है। उन्होंने बाटला हाउस, जर्सी और सुपर 30, घोस्ट स्टोरी, तूफान, जैसी फिल्मों में काम किया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# तखतपुर में खुड़िया जलाशय से पानी सप्लाई के लिए जल्द बनाई जाए कार्ययोजनाः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर जिले के तखतपुर विधानसभा के ग्राम खपरी में आयोजित अधिकारियों की बैठक में विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान तखतपुर में खुड़िया जलाशय से पानी की सप्लाई की घोषणा के संबंध में कहा कि इसके लिए अधिकारी जल्द कार्ययोजना तैयार करें।**

तखतपुर क्षेत्र में खारे पानी की समस्या के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां गांवों में पानी टंकी बनी है, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है वहां नल जल योजना के जरिए पानी की सप्लाई जल्द शुरू की जाए।

अधिकारियों ने बैठक में बताया कि 464 नल-जल योजनाओं के लिए वर्क आर्डर जारी कर दिया गया। नल जल योजना के अंतर्गत प्रतिदिन लगभग 200 नल कनेक्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को खराब सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराने और गांवों में शिविर लगाकर जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में हाट बाजार क्लीनिक योजना के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 20 हाट बाजार चिन्हित हैं। मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना के संदर्भ में अधिकारी ने बताया कि जिले में 34 हजार 873 लोगों का पंजीयन हुआ है, सभी को योजना का लाभ मिल रहा है। गौठान के संबंध में जानकारी लेने पर तखतपुर सीईओ ने बताया कि ब्लॉक में 82 गौठान संचालित हैं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल भवनों के मरम्मत, रंगाई पुताई आदि के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के ईई को नहरों के लंबित



मुआवजा प्रकरण के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भैसाझार परियोजना के प्रभावितों के मुआवज़ा वितरण के लिए कैम्प लगाएं। अधिकारी ने बताया कि 40 प्रकरणों में विवाद है इसलिए विलंब हो रहा है, इस पर मुख्यमंत्री ने जून तक निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से वन अधिकार पट्टा के संबंध में जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिविर लगाकर पात्र लोगों से ज्यादा से ज्यादा आवेदन लेकर सभी पात्र लोगों को पट्टा प्रदान करें।

बैठक में सुपोषण योजना की प्रगति के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं, 3 वर्ष के बच्चों एवं शिशुवती माताओं को गर्म भोजन प्रदान किया जा रहा है। एनीमिया जांच के बारे में अधिकारी ने बताया कि जिले में 353 एनीमिया के गंभीर मरीज हैं, इस पर अधिकारी को उनकी नियमित जांच और पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए। बैठक में लघु वनोपज संग्रहण के बारे में अधिकारी ने बताया कि जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण किया जाता है। इस वर्ष 32 हजार 200 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 30 हजार रुपए से अधिक मानक बोरा का संग्रहण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी बैंक के संबंध में पहली बार शिकायत आई है कि किसान एक दिन में 49 हज़ार रूपए ही निकाल पा रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने विसंगति दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेक एटीम, एनएफ्टी, आरटीजीएस के बारे में भी लोगों को जानकारी देने और कैश लिमिट बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि पटवारी मुख्यालय में नहीं बैठते, अधिकारी जांच करें और पटवारियों का मुख्यालय में बैठना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारियों के खिलाफ़रिश्वत की शिकायत आ रही है, एसडीएम जाँच कर कार्रवाई करें, ऐसा नहीं होने पर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कानून एवं व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी जिले में चाकूबाजी की घटनाओं पर संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि चाकूबाज़ी की घटनाओं पर लगाम लगाएं। गुंडा गर्दी करने वालों के खिलाफ़ कड़ी करवाई करें। ज़मीन विवाद एक कारण है तो राजस्व और पुलिस समन्वय कर गुंडागर्दी को रोके वरना अधिकारियों पर करवाई होगी। उन्होंने अतिक्रमण को रोकने राजस्व संबंधी विवादों को तत्काल सुलझाने के निर्देश दिए। लो वोल्टेज के संबंध में अधिकारी ने बताया कि एक सौ 16 ट्रांसफर लगा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में बिजली की समस्या नहीं होगी, मुख्यमंत्री ने कृषि पम्प कनेक्शनों की जानकारी भी ली।

## खास खबर

### युवक-युवती परिचय एवं आदर्श विवाह 5 फरवरी को

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र.5041 के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह का कार्यक्रम 5 फरवरी को सतनाम भवन जी.ई. राजनांदगांव में आयोजित की जा रही है। जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलारी ने उक्त आयोजन के संबंध में बताते हुये कहा समाज में विवाह योग्य युवक-युवती सहित विधवा परित्याग, विधुर आदि के लिए आदर्श विवाह के लिए आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय से संपर्क कर 300 रू. राशि के साथ अपना पंजीयन करा सकते। कार्यालय प्रभारी पी.आर. देशलहरा मो.9691580680 से सपर्क करें। समाज के युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन व आदर्श विवाह को सफल बनाने एक कार्यसमिति का गठन किया गया है। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी तामेश्वर बंजारे ने दी।

### जिले में मनरेगा योजना से वृहद पैमाने पर रोजगार की सुलभता

**कोण्डागांव।** जिले के अंतर्गत कुल 383 ग्राम पंचायतों में से 363 ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत वर्तमान में रोजगारपरक कार्य संचालित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, मिट्टीकृत सड़क निर्माण इत्यादि सम्मिलित हैं। इन कार्यों में 1554 रोजगारमूलक कार्य प्रगतिरत हैं। इन सभी कार्यों में प्रतिदिन 30 हजार से भी अधिक श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। ज्ञातव्य है कि राज्य स्तर से मनरेगा में जिले को 26 लाख 29 हजार मानव दिवस रोजगार के अवसर सृजित किये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उक्त लक्ष्य के अनुरूप जिले में पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने सर्वोच्च प्राथमिकता देकर स्वीकृत रोजगारमूलक कार्यों को नियमित तौर पर संचालित किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप जिले में लक्ष्य के विरूद्व अब तक 75 प्रतिशत से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किया जा चुका है, जो कि पूरे राज्य में 5 वां स्थान तथा बस्तर संभाग क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्ति के दृष्टिकोण से पहला स्थान है। जिले में मनरेगा हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देशानुसार अब तक कुल 14 करोड़ 38 लाख रुपये लागत के 6153 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है । के साथ ही नियमित तौर पर कार्यों को संचालित करने के लिए ध्यान केंद्रित किया गया है।

# भिलाई में सेल स्वर्ण जयंती वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 18 से 21 जनवरी, 2023 तक चार दिवसीय सेल स्वर्ण जयंती वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन वालीबॉल काम्पलेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 18 जनवरी, 2023 को पंत स्टेडियम के व्हालीबॉल ग्राउण्ड में सायं 6:00 बजे भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया।

इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एम एम गद्रे ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी, सेल निगमित कार्यालय से उप महाप्रबंधक सौरभ शुक्ला भी विशेष रुप से उपस्थित थे। इस



प्रतियोगिता में कंपनी सेल के राउरकेला इस्पात संयंत्र, सेलम स्टील, वी.आई.एस.एल, बोकारो स्टील प्लान्ट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, आईएसपी बर्नपुर, सेल इकाई रांची, सीएमओ कोलकाता, कॉर्पोरेट ऑफिस दिल्ली एवं भिलाई इस्पात संयंत्र की कुल 11 टीमें भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस आयोजन का भिलाई में किया जाना एक प्रसन्नता का विषय है। मैं आप सभी का भिलाई में स्वागत करता हूं और अच्छा, अनुशासित और टीम स्प्रिट से खेलने की शुभकामनाएं देता हूं। खेल भावना, अनुशासन, धैर्य का जीवन में बहुत महत्व है। हार व जीत लगी रहती है इस प्रतियोगिता में जीत 'सेल' की ही होगी। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे श्री एम एम गद्रे ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी खेल भावना को महत्व दें। खेल की शक्ति बहुत बलवान होती है। परम्परागत रूप से प्रतिभागी टीमों से परिचय प्राप्त करने के बाद सेल स्वर्ण जयंती व्हालीबाल प्रतियोगिता के विधिवत उद्घाटन की घोषणा के साथ आसमान में गुब्बारे छोडकर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई।

आयोजन के पहले दिन 18 जनवरी को चार मैच खेले गए पहला मैच भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ सेल इकाई रांची के बीच खेला गया। दूसरे मैदान में एसएसपी सेलम के साथ कॉरपोरेट ऑफिस, दिल्ली के बीच मैच खेला गया। इसी कड़ी में दो और मैच खेले गए पहला मैच बोकारो स्टील प्लांट और सीएमओ, कोलकाता के बीच दूसरा मैच राउरकेला इस्पात संयंत्र और दुर्गापुर इस्पात संयंत्र के बीच खेला गया।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिये कांग्रेस की बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस के हाथ से हाथ जोडो अभियान के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक 26 जनवरी से शुरू होने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी और कार्यक्रम की विस्तृत रणनीति बनाई गयी। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2 माह की हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा की सफलता के लिये हम जिलों एवं ब्लॉकों की अनिवार्य बैठक होनी चाहिये। 26 जनवरी से पहले सभी प्रभारी जिलों का दौरा करना है। राहुल गांधी जी का संदेश, हमारी सरकार के 4 साल के काम, केंद्र सरकार के नाकामियों, आरक्षण संशोधन विधेयक पर भाजपा के चरित्र को जनता तक ले जाना है। भाजपा के दबाव के कारण राजभवन में हस्ताक्षर करना रूका हुआ है। हर ब्लॉक में हमें रोज 10 किमी, 307 ब्लॉकों में 3000 किमी चलेंगे। यह जन संवाद कार्यक्रम सफल भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार होगा। यह अभियान 26 जनवरी 2023 से शुरू होकर दो महीने तक चलेगा। पदयात्रा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जायेगा। पदयात्रा का नेतृत्व करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक या दो वरिष्ठ नेताओं को नियुक्त किया जाए और नामों को एआईसीसी को सूचित किया जाए। यह विशाल अभियान पदयात्रा के रूप में देश की सभी ग्राम पंचायतों, गांवो और मतदान केंद्रों को कवर करेगा। इस अभियान में मोदी सरकार की नाकामियों और राज्य सरकार की योजनाओं तथा आरक्षण संशोधन विधेयक पर भाजपा के षड़यंत्र को भी जनता तक ले जायेंगे।

कैट ने रिटेल व्यापार के लिए वित्तीय सहायता नीतियों हेतु वित्त मंत्री सीतारमन से किया आग्रह

# रिजर्व बैंक व्यापारियों सहित गैर कॉर्पोरेट क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने में विफल रहा है- कैट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि भारत में छोटे व्यवसाय देश भर के नागरिकों को सामान उपलब्ध कराने के लिए एक स्व-संगठित आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से देशवासियों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।**

साथ ही विनिर्माण और अन्य क्षेत्रों के लिए रॉ-मटेरियल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति कर रहे है लेकिन फिर भी स्वतंत्रता के बाद की सरकारों द्वारा व्यापारिक समुदाय की घोर उपेक्षा की गई है और भारत के रिटेल व्यापार के लिए कभी भी कोई समर्थन नीतियां नहीं बनाई गई - यह कहते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को आज भेजे गए पत्र में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि नीति का अभाव और आंतरिक व्यापार के लिए एक अलग मंत्रालय न होना व्यापारिक समुदाय के प्रति सरकारों की उदासीनता का पर्याप्त प्रमाण है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी और प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि यह केवल कैट की पहल और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के समग्र दृष्टिकोण का ही नतीजा है कि वर्ष 2015 के बाद वाणिज्य मंत्रालय में उद्योग विभाग को आंतरिक व्यापार के साथ जोड़ा गया था और वर्तमान में वाणिज्य मंत्रालय राष्ट्रीय रिटेल नीति का मसौदा तैयार कर रहा है। हालाँकि, न केवल राष्ट्रीय खुदरा नीति बल्कि एक ई-कॉमर्स नीति के तत्काल लागू होने की आवश्यकता है, जिसकी तैयारी चल रही है और ई-कॉमर्स के लिए एक सशक्त रेगुलेटरी अथॉरिटी के गठन भी उतना ही ज़रूरी है।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने बताया कि श्रीमती सीतारमण को भेजे गए पत्र में बजट में व्यापारियों के लिए समर्थन वित्तीय नीतियों को लाने की मांग करते हुए कहा कि पिछले कई दशकों के दौरान भारत का व्यापारिक समुदाय वित्त की भारी कमी से जूझ रहा है और दूसरी ओर भारतीय रिजर्व बैंक भी देश के व्यापारियों को आसान वित्तीय सहायता देने में पूरी तरह से असमर्थ रहा है जिसके चलते देश का व्यापारी अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नही कर पा रहा है जिसका नकारात्मक प्रभाव राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। खेद है की रिज़र्व बैंक ने हमेशा अपना मुख्य ध्यान कॉर्पोरेट क्षेत्र पर ही रखा है। व्यापारियों की वित्तीय जरूरतों को समझने के लिए कभी भी व्यापार एसोसिएशनों से परामर्श करना उचित नहीं समझा गया है, जबकि कृषि को छोड़कर गैर कॉर्पोरेट क्षेत्र राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में शानदार योगदान दे रहे है और देश में कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता होने के बावजूद भी किसी सरकार का कोई ध्यान रिटेल क्षेत्र पर नहीं है।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी देश में केवल 5 से 6 प्रतिशत छोटे व्यवसाय ही बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को जैसे तैसे पूरा कर रहे हैं, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक छोटे व्यवसाय निजी धन के साथ साथ उधारदाताओं, रिश्तेदार और दोस्त और कई अन्य अनौपचारिक स्रोत पर निर्भर है। दोनों व्यापारी नेताओं ने सुझाव दिया कि आर. बी. आई. को व्यापारिक समुदाय के लिए वित्त की आसान और सरल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए वहीं वित्त मंत्री को अपने बजट में गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों और सूक्ष्म वित्त संस्थानों पर विशेष जोर देने आवश्यकता है जो छोटे व्यवसायियों को ऋण देते हैं तथा बैंकों और वित्तीय संस्थान उनको कम ब्याज दर पर आवश्यक वित्त प्रदान करके एनबीएफसी और एमएफआई को मजबूत करना चाहिए ताकि ये दोनों उधार देने वाली संस्थाएं छोटे व्यवसायों को कम ब्याज दर पर वित्त प्रदान करें। ऐसी नीति छोटे व्यवसायों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करेगी और खुदरा व्यापार को अपनी क्षमताओं को तेजी से प्रयोग में लाएगी।

# आईटीबीपी द्वारा ग्रामीणों को बर्तन, कपड़े एवं निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** 53वीं बटालियन आईटीबीपी के कमांडेंट अमित भाटी के मार्गदर्शन में जिला नारायणपुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 53वीं वाहिनी की कोहकामेटा द्वारा आज को उप सेनानी आयुश दीपक, सहायक सेनानी निवास कुमार की उपस्थिति में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को आवश्यक घरेलु सामान के साथ-साथ जरूरतमंदो को निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्राम कोहकामेटा के अतिरिक्त गाड़ावाही, कोडेनार, किहकाड़, झारावाही, ईरकभट्टी एवं कानागांव आदि गांवों के ग्रामीणों को दैनिक इस्तेमाल में आने वाले बर्तन, कपड़े, आदि सामग्री एवं निशुल्क



दवाईयों का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि 53वीं बटालियन आईटीबीपी के जवान क्षेत्र में नक्सल अभियान के साथ-साथ सुदूर अंचल के गरीब एवं जरुरतमंद लोगो की तत्परता से मदद कर रहें है एवं क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हेतु प्रतिबद्ध है। सेनानी श्री अमित भाटी द्वारा युवाओं एवं स्थानीय ग्रामीणों से नागरिक कर्तव्यों का पालन करने एवं हिंसा के प्रति आकर्शित ना होकर देश की मुख्यधारा में शामिल हो कर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव ( छ.ग. )**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202301201500017/अ-06/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विमलचंद जैन पिता स्व. चन्दनमल जैन जाति जैन निवासी डी. एन. के. कालोनी, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला मण्डी सेन्टर स्थित भूमि शीट नं- 02 भूखण्ड क्रमांक 691/1/56 क्षेत्रफल 4800 वर्गफीट भूमि राजस्व अभिलेख में जी.एल. वर्मा पिता के.पी. वर्मा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि क्षेत्रफल 4800 वर्गफीट भूमि को ई-पंजीयन क्रमांक IN-CG36268421412944U पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक 462 दिनांक 23.12.2022 को रूपये 20,00,000/- शब्दों में (बीस लाख रूपये) में क्रय करने के पश्चात् विमलचंद जैन पिता स्व. चन्दनमल जैन जाति जैन निवासी-डी. एन. के. कालोनी, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का - नाम विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 27.01.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.01.2023 को जारी किया जाता है।

**नजूल अधिकारी**
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### बीएससी फाइनल की छात्रा ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखा डिप्रेशन से थी परेशान

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। छात्रा डिप्रेशन से परेशान थी। बताया जा रहा है कि पिता की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में थी। कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला जिसमें उसने डिप्रेशन की बात लिखी है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम का विवेचना में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना विश्व बैंक कॉलोनी है। यहां पर एक कॉलेज छात्रा ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस अपनी टीम को भेजा और शव का फंदे से उतारा। छात्रा का नाम पूजा बघेल था। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि छात्रा के कमरे में एक सुसाइड नोट मिला जिसमें डिप्रेशन की बात सामने आई है। बताया जा रहा है छात्रा के पिता की मौत के बाद वह डिप्रेशन में थी।

### शराब के लिए रुपए नहीं देने पर की मारपीट, दो गिरफ्तार

**जांजगीर ( ए )।** सड़क किनारे खड़े युवक के पास शराब के नशे में दो दोस्त पहुंचे और उससे शराब के लिए रुपए मांगने लगे, लेकिन युवक के रुपए देने से इंकार किया तो दोनों शराबी युवक उसके साथ मारपीट कर वहां से भाग निकले, इधर घटना के बाद पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

सीबीएसई कॉलोनी में रहने वाला युवक सौरभ नायडू मंगलवार की रात साढ़े 11 बजे अपने दोस्त परदेशी सिदार के साथ कॉलोनी के बाहर खड़े होकर बात रहा था, इसी बीच तिलक नगर का रहने वाला युवक तनेश्वर साहू अपने दोस्त अविनाश महंत के साथ सौरभ के पास पहुंचा और उससे शराब के लिए रुपए मांगने लगा। सौरभ ने उन्हें रुपए देने से इंकार कर दिया तो तनेश्वर और अविनाश उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। सौरभ के विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और वहां से भाग निकले। इधर घटना के बाद वह सौरभ थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी तनेश्वर साहू और अविनाश महंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# हथखोज में पुलिस ने पकड़ा साढ़े तीन लाख का कबाड़, मास्टर माइंड फरार, चार गुर्गे गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया में पुलिस ने चोरी का कबाड़ पकड़ने में सफलता पाई है। पुरानी भिलाई पुलिस ने यहां पर 3 लाख 60000 रुपए का 6 टन लोहे के कबाड़ से लदी गाड़ी गोदाम के सामने पकड़ाई। कबाड़ी चोरी करवाने वाला सरगना और गोदाम का मालिक फरार हो गया। वहीं मौके से पुलिस ने उसके चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस फिलहाल फरार मास्टरमाइंड की तलाश में जुट गई है।



बता दें हथखोज हत्याकांड के बाद पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग तेज कर दी है। इसी का नतीजा है कि पुलिस को चोरी का कबाड़ पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17-18 जनवरी की देर रात टेलीकॉम फैक्ट्री के अंदर से बड़ी मात्रा में लोहा चोरी हुआ था। इसकी शिकायत सेक्टर 1 भिलाई निवासी रमेश सोनी ने गुरुवार को दर्ज कराई थी। चोरों ने फैक्ट्री के पीछे रखे एलएन टॉवर व टीटीएच टॉवर के कम्पोनेंट आदि चुरा लिया था। इनकी संभावित कीमत साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा बताई गई। इसके बाद पुलिस ने चोरों की तलाश तेज कर दी।

इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि हथखोज में कबाड़ बेचने की फिराक में कुछ लोग घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में संदेहियों ने बताया इंजीनियरिंग पार्क के गोदाम सारा माल छिपाकर रखा गया। पुलिस ने रेड की और दो गाड़ियों में भरे लोहे के एंगल आदि बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने शिवाजी नगर अटल आवास निवासी बंशीलाल बारले (25), वैशाली नगर गोल मार्केट के पास निवासी हर्ष तनेजा (21) और खुर्सीपार दुर्गा मंदिर निवासी जसवीर सिंह (29) व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। वहीं पूरे घटना का मास्टरमाइंड फरार है।

# सुपेला पुलिस की अनोखी पहलः 'रूबरू' के माध्यम से शिकायतों का होगा निराकरण

## 'रूबरू' का उद्देश्य पुलिस व जनता के मध्य सीधा संपर्क

### क्षेत्र के सभी छोटे से छोटे वार्ड-मोहल्लों में आयोजन की कार्य योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पुलिस अधीक्षक दुर्ग, डॉ. अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, संजय ध्रुव तथा नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में निरीक्षक दुर्गेश शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला द्वारा दुर्ग पुलिस की ओर से अनोखी पहल 'रूबरू' का शुभारंभ किया गया। 'रूबरू' का उद्देश्य पुलिस व आम जनता के मध्य सीधा जन संपर्क बनाना व उनके मन में पुलिस के प्रति बने भय व संकोच को दूर करना है। इस पहल को सफल बनाये जाने हेतु सुपेला थाना क्षेत्रांतर्गत के नगर/वार्डो को कुल 06 बीट में बांटा जाकर प्रत्येक बीट में पृथक-पृथक अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त कर 'रूबरू' के माध्यम से जनता के रूबरू होना उनकी छोटी-बड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है।




इसी तारतम्य में आज रैश्ने आवास कोसानाला नेहरू नगर में जनता से सीधा संपर्क कर उनकी शिकायतो को सुना गया। साथ ही साथ शिकायतो का त्वरित निराकरण भी किया गया तथा नगरवासी काफी मात्रा में एकत्र होकर बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है तथा पुलिस सेवाओं का लाभ ले रहे है। ऐसे स्थान जहां पर असामाजिक तत्वों का उठना बैठना है, उन स्थानों पर नगरवासियों के साथ जाकर निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने हेतु योजना तैयार की गई है। जो जल्द ही क्रियान्वित होगा। 'रूबरू' कार्यक्रम के तहत सुपेला पुलिस की मुहिम लगातार जारी रहेगी।

# जंगली सुअर का शिकार करने के लिए बिछाया तार, बुजुर्ग आई चपेट में, मौत

**रायगढ़ ( ए )।** जिले के ग्राम गुर्दा में जंगली सुअर के लिए बिछाए गए करंट की चपेट में आकर एक महिला बुरी तरह से झुलस गई। 100 फीसदी झुलस गई महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, खरसिया वन परिक्षेत्र के ग्राम गुर्दा में किसान ने खेत में जंगली सुअरों के लिए बिजली का तार बिछाकर रखा था। महिला बसंती सिदार (60 वर्ष) लकड़ी लेने जंगल में गई थी। खेत से होकर जाने के दौरान वो बिजली की तार की चपेट में आ गई। करंट से बुरी तरह से झुलसकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना जंगल से करीब 2 से 3 किमी दूर राजस्व क्षेत्र में घटित हुई है।

घटना की जानकारी लगते ही खरसिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और आगे की जांच में जुट गई है। पुलिस ने कहा कि जंगली जानवरों के शिकार के लिए कई लोग बिजली का तार बिछाकर रखते हैं। ऐसा करना गैरकानूनी है। खरसिया पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

रायगढ़ जिले के जंगलों में वन्यजीव विचरण करते हैं। शिकारी लंबे समय से अवैध तरीके से हाईटेंशन तार से जंगलों और खेतों में विद्युत लाइन बिछाकर वन्यप्राणियों का शिकार करते रहे हैं, लेकिन इस पर पुलिस-प्रशासन या वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसकी वजह से शिकारियों के हौसले बुलंद हैं। 9 दिन पहले ही कापू थाना क्षेत्र के ग्राम गोहेसलार कदमढोढ़ी में 10 जनवरी को जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए गए 11,000 हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से शौच के लिए जंगल गए युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 10.01.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 30.01.2023 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 274 / 120827 | ग्राम चेचानमेटा, ब्लॉक-साजा, जिला-बेमेतरा में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य। | 120.27 |
| 275 / 120828 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग क्रं 1 बालोद के अंतर्गत संजारी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य। | 108.40 |
| 276 / 120831 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। | 36.08 |
| 277 / 120833 | ग्राम गोडलवाही, ब्लॉक-छुरिया, जिला-राजनांदगावं में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य। | 120.36 |
| 278 / 120835 | ग्राम बेलारगोंदी, ब्लॉक-छुरिया, जिला-राजनांदगावं में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य। | 68.69 |
| 279 / 120836 | छुईखदान अनुविभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत कार्य। | 40.00 |
| 280 / 120841 | जिला -दुर्ग के खोपली से धौराभाठा मार्ग लंबाई 7.70 कि.मी का उन्नयन कार्य। | 70.07 |
| 281 / 120844 | प्रयास आदिवासी विद्यालय दुर्ग में 21 कमरों का विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य । | 156.66 |

टीप

1. एन.आई.टी.क्रं. 274 लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा से संबंधित है एवं एन.आई.टी.क्रं. 275 एवं 276 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद से संबंधित एवं एन.आई.टी.क्रं. 277 एवं 278 लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव संभाग राजनांदगांव से संबंधित है एवं एन.आई.टी.क्रं. 279 लोक निर्माण विभाग खैरागढ़ संभाग खैरागढ़ से संबंधित है एन.आई.टी.क्रं. 280 एवं 281 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित ह ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portas एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-97758/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876


# सड़क किनारे खड़े युवक को ट्रक ने कुचला, घटनास्थल पर ही मौत



**बालोद ( ए )।** बालोद शहर में गुरुवार रात हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। संजय गावड़े (45 वर्ष) नाम का शख्स सड़क किनारे अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था। तभी दल्लीराजहरा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला बालोद थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, संजय पेट्रोल पंप के पास अपनी मोटरसाइकिल के पास खड़े होकर अपने साथी का इंतजार कर रहा था, लेकिन ट्रक उसे कुचलते हुए आगे बढ़ गया। नया बस स्टैंड और घटनास्थल के आसपास खड़े लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बालोद थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल संजय को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत व्यक्ति गंगा मैय्या किराया भंडार में काम करता था।

संजय गावड़े देवरतराई का रहने वाला था। ट्रक ड्राइवर अपने वाहन के साथ फरार हो गया था, जिसे पेट्रोलिंग टीम ने गुंडरदेही से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक के घरवालों को हादसे की सूचना दे दी गई है। शव का पोस्टमॉर्टम शुक्रवार को करवाकर उसे परिजनों को सौंपा जाएगा। घटनास्थल से शख्स की बाइक को पुलिस ने बरामद किया है। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है, इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भीषण था।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-307/NIT-16/2022-2023/ व ले लि दिनांक :- 17/01/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 01/02/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 07/02/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 08/02/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू.मे) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0106 | ग्राम बासीन वि.ख. गुरुर सोसायटी से बंगला खार में नाली निर्माण कार्य ल.500 मीटर<br>प्रथम आमंत्रण | 12.83<br>9623.00<br>192450.00 |
| T0107 | ग्राम बासीन वि.ख. गुरुर के वार्ड न.08 एवं 09 में सी.सी.रोड निर्माण कार्य ल. 175.00 मीटर<br>प्रथम आमंत्रण | 13.55<br>10163.00<br>203250.00 |
| T0108 | ग्राम बासीन वि.ख. गुरुर के वार्ड न.8 एवं 9 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 175 मीटर<br>प्रथम आमंत्रण | 13.55<br>10163.00<br>203250.00 |
| T0109 | ग्राम बासीन वि.ख. गुरुर के नयापारा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य ल. 165 मीटर<br>प्रथम आमंत्रण | 18.86<br>14145.00<br>282900.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है।

इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

नियम व शर्ते :-
1) पंजीयन की छायाप्रति।
2) पेन कार्ड की छायाप्रति।
3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
4) निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू 750.00, निविदाकारो की श्रेणी "द" से "अ" एवं कार्य की अवधि "02 माह" होगी।


जी-97730/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. ( भ/स ) संभाग बालोद



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles



Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000



माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता



कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करने वालो एवं कचरा फैलाने पर निगम ने लगाया जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही अभियान लगातार जारी है। भिलाई के कई इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरीक्षण कर बाजार क्षेत्रों का जायजा लिया। कई स्थानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का विक्रय करते पाए जाने पर तथा कचरा फैलाने वालों पर 12500 रुपए जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई। प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्ती भी बनाई गई। कचरा फैलाने वालों को चेतावनी देने के साथ ही उनसे भी जुर्माना लिया गया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक तथा कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं इसी तारतम्य में बाजार क्षेत्रों में भिलाई निगम इसको लेकर अभियान चला रहा है। इसी के साथ ही लोगों में जागरूकता लाने का भी प्रयास किया जा रहा है। प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक तथा कचरा फैलाने वाले एमएम रेस्टोरेंट, लक्ष्मी जनरल स्टोर, श्री शनि कारवाश, अन्नपूर्णा किराना स्टोर व मिस्टर दोसा आदि से जुर्माना वसूला गया।

### समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** प्रशासन तुंहर द्वार शिविर का आयोजन विभिन्न वार्डों में अलग- अलग तिथियों में किया जा रहा है।शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक रहेगी। शिविर में पेयजल, आवास योजना, राशनकार्ड, सफाई सम्बंधित समस्या, अवैध निर्माण की शिकायत, सड़क बत्ती से सम्बंधित शिकायत या मांग, गुमास्ता लायसेंस, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का लाभ एवं इत्यादि निकाय सम्बंधित कार्यों के लिए आवेदन लेकर त्वरित निराकरण करने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश मेयर धीरज बाकलीवाल और कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर द्वारा दिया गया है। इसी कड़ी में शिविर शुक्रवार 20 जनवरी .2023 को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कातुलबोर्ड वार्ड 59 एवं 60 में प्रशासन तुंहर द्वार शिविर का आयोजन किया गया है।इसके अलावा सोमवार - 23 जनवरी 2023 को शासकीय प्राथमिक कसारीडीह स्कूल, दुर्ग वार्ड 42, 43 एवं 44 में आयोजित आयोजित होगा।

### दुर्ग संभागायुक्त कावरे ने एक वर्ष का कार्यकाल किया पूरा

**दुर्ग।** दुर्ग संभागायुक्त महादेव कावरे ने गुरुवार को एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण किया। फलस्वरुप उन्हें सुबह से बधाईयों का तांता लगा रहा। समाजसेवी दिनेश गुप्ता के अलावा अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके हिन्दी भवन स्थित संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई दी। मालूम हो कि संभागायुक्त महादेव कावरे ने अपने कार्यशैली से विशेष पहचान बनाई है। शासकीय कार्यालयों में लोगों के कार्यों का जल्द निराकरण के लिए वे लगातार सक्रिय रहे है। जिससे संभाग के प्रशासनिक अमले में व्यापक सुधार आया है। शासकीय कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान जहां उन्होने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की पीठ थपथपाई है।

# जागरूकता से ही उज्जवल भविष्य की नींव तैयार होती हैः मंत्री डॉ. टेकाम

## राष्ट्रीय स्तर के लिए 22 विद्यार्थियों का चयन, इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं आदर्श प्रतियोगिता का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं आदर्श प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूकता से ही उज्जवल भविष्य की ठोस नींव तैयार होती है। वर्तमान युग टेक्नोलॉजी का युग है टेक्नोलॉजी के बारे में बच्चे जितना ज्यादा अवगत रहेंगे।




उनके लिए यह उतनी ही उपयोगी साबित होगी। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए राज्य के 22 विद्यार्थियों का चयन किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने सभी चयनित विद्यार्थियों का पुरस्कार प्रदान करते हुए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य हर क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर है और निरन्तर विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। मंत्री डॉ. टेकाम ने यहां विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित मॉडल्स का अवलोकन किया और कार्यक्रम के दौरान बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रदर्शित मॉडल्स में बच्चों की क्रियात्मक प्रतिभा की झलक देखने को मिली। यहां के मॉडल्स बहुत अच्छे हैं और बच्चे भी बहुत प्रतिभाशाली है। यह बहुत अच्छी बात है कि शासन द्वारा उनकी प्रतिभा को आगे ले जाने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। यहां आए बच्चों में टेक्नोलॉजी का काफी ज्ञान है। वर्तमान युग आधुनिक तकनीक का है। बच्चे नवीनतम तकनीक से जितना अवगत होंगे उतना ही उनके लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की जागरूकता से उज्जवल भविष्य की ठोस नींव तैयार होती है।

मंत्री डॉ. टेकाम ने दुर्ग विद्यार्थियों प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के विद्यार्थियों ने जापान में अपने हुनर का प्रदर्शन किया जो काबिले तारीफहैं। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं आर्दश प्रतियोगिता दुर्ग के खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए भी शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए देश में सबसे ज्यादा पंजीयन करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर है। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अरुण वोरा ने की और विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम धीरज बाकलीवाल तथा अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

# सिकासा द्वारा चार्टर्ड एकाउंटेंट के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच के अंतर्गत सिकासा के द्वारा नए उत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राधानाचार्य प्रशांत वशिष्ठ, एवं सुश्री पुरवा रोजिंदर, प्रसिद्ध कार्पोरेट ट्रेनर उपस्थित थे, जिन्होंने सभी नए चार्टर्ड एकाउंटेंट को शुभकामनाएं दीं। सभी नए सीए सदस्यों अपने कार्याक्षेत्र में किस प्रकार कार्य किया जाये और तथ्यों का बारिकी से अध्ययन करने आदि पर टिप्स दिये। सिकासा चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कुल 22 छात्रों ने सीए के रूप में अर्हता प्राप्त की और सीए इंटर में ऑल इंडिया रैंकिंग प्राप्त करने वाले छात्र समर्थ राज जिन्होंने सीए इंटर में ऑल इंडिया 44 रैंक हासिल की उन्हें भी ब्रांच द्वारा सम्मानित किया गया।

# आकाशगंगा मार्केट में चला अभियान, रोका छेका के तहत बाजार क्षेत्रों से पकड़े गए आवारा पशु

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आकाश गंगा मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने का अभियान आज से प्रारंभ हो गया। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत चेंबर ऑफ कॉमर्स का भी सहयोग मिल रहा है। इसके तहत प्रथम चरण में रोका छेका अभियान के तहत आवारा पशुओं की धरपकड़ की गई।




आकाश गंगा के विभिन्न क्षेत्रों से 23 आवारा पशुओं को पकड़ा गया। स्ट्रीट लाइट जहां बंद थे उन्हें चालू किया गया तथा लाइटों के मरम्मत एवं संधारण का काम किया गया, इसके लिए आज आकाश गंगा के सभी स्थानों का निरीक्षण किया गया। शौचालय को अद्यतन करने के लिए भी सर्वे हुआ है। इसके अलावा पूरे मार्केट क्षेत्र का निगम के अधिकारियों ने निरीक्षण कर अवैध होर्डिंग एवं पोस्टर को हटाने की कार्रवाई की। कई स्थानों पर दुकानों के सामने के अतिक्रमण को स्वयं से हटा लेने की चेतावनी दी गई है। चेतावनी के बाद भी नहीं मानने वाले दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमण के चलते सड़क बाधा न हो इसका ध्यान रखा जाएगा, सफाई को लेकर भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दुकानदार कचरा बाहर न फेंके इसकी अपील की जा रही है। आकाशगंगा में विशेष अभियान के दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, सहायक अभियंता आलोक पसीने तथा राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम दिनभर मौके पर मौजूद रही।

# स्वरूपानंद महाविद्यालय में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई में रेडरिबन क्लब एनएसएस व बायोटेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. शिवानी शर्मा कार्यक्रम संयोजक व विभागाध्यक्ष बायोटेक ने कहा विवेकानंद युवाओं के आदर्श व प्रेरणा हैं। वे भारत के आध्यात्मिक गुरू थे। उन्होंने पश्चिम देशों में वेदांत दर्शन का प्रसार किया, गरीबों की सेवा के लिए रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा विवेकानंद की जयंती को सम्पूर्ण भारत में 'युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उनके भाषण व प्रेरणास्पद कथनों से लोगों के मन में एक नई चेतना का जागरण होता है, निराश व्यक्ति भी ऊर्जा से भर जाता है। महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारणी अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा ने कार्यक्रम आयोजन के लिए बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम स्थान प्राप्त पृथ्वी सिंह राजपूत बीए अंतिम वर्ष ने कहा भारत को जानना है व भारत को जागृत करना है तो विवेकानंद के साहित्य को पढ़ना चाहिए। उन्होंने भारत में 130 मठों की स्थापना की। उन्होंने हावर्ड विष्वविद्यालय में तीन बार व्याख्यान दिया।

दूसरे स्थान पर रहे देवदत्त महानंद बीएससी अंतिम वर्ष ने कहा उनका प्रसिद्ध वाक्य है उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक तुम सफल नहीं होते। उन्होंने कहा मैं शुन्य हूं और मुझे शून्य से आगे बढ़ना है अगर मैं असफल भी हो जाऊं तो मेरे पास खोने के लिये कुछ नहीं है, साधन नहीं का चिंता न कर जो साधन हमारे पास है उससे ही अपना विकास करें।

# अस्थानिक गर्भावस्था का जिला अस्पताल में सफल इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** एग फर्टिलाइजेशन से लेकर प्रेगनेंट होने का सफर हर महिला के लिए मुश्किलों से भरा लेकिन खुबसुरत अनुभव होता है। लेकिन श्रीमती सुशीला को गर्भावस्था के दौरान एक्टॉपिक प्रेगनेंसी समस्या का सामना करना पड़ा। अचानक पेट दर्द उठने पर जब वह जिला चिकित्सालय के डॉक्टर के पास अपने गर्भावस्था इलाज के लिए पहुंची तो डॉक्टरों ने उसे लक्षणों के आधार पर एक्टॉपिक प्रेग्नेंसी से ग्रसित डायग्नोस किया। डॉक्टर स्मिता ने बताया कि मरीज को गंभीन पेट दर्द और रक्त स्त्राव हो रही थी। जिसके तुरंत पश्चात् विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा फालो चेकअप कराकर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि एक्टॉपिक प्रेग्नेंसी समान्यतः 50 में से 01 महिला को होती है। इसमें फर्टिललाइज एग गर्भाशय से नहीं जुड़ता है। बल्कि वह फैलोपियन ट्यूब, एबेमिनल कैविटी या गर्भाशय ग्रीवा से जाकर जुड़ जाता है। इस केस में फैलोपियन ट्यूब भी क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके चलते इसकी जटिलता बढ़ गई थी। परंतु जिला चिकित्सालय के मेडिकल टीम द्वारा इस केस में उत्कृष्टता पूर्ण प्रदर्शन कर सफलता हासिल की गई।

## सीएसवीटीयू ने किया सीजी कॉस्ट व अरूनोदय मेरीकॉम के साथ द्विपक्षीय अनुबंध

# जल संरक्षण व संवर्धन के साथ चिकित्सा उपकरणों की दिशा में भी अग्रसर होगा सीएसव्हीटीयू

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई एवं छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ सांइस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के मध्य हुए द्विपक्षीय अनुबंध किया गया है। जल एक बहुमूल्य संसाधन है,भारत में जल संचयन और प्रबन्धन का इतिहास सदियों पुराना है जिसके प्रमाण सर्वप्रथम सिंधु घाटी में पाए गए थे। तब से आज तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुरूप पारम्परिक तरीके से जल संचयन और प्रबन्धन के उपाय किये जा रहे है।



पूरे देश के साथ साथ छत्तीसगढ़ राज्य की जनसंख्या वृद्धि एवं भावी आवश्यकता को देखते हुए जल के एक-एक बूँद की उपयोगिता बढ़ गयी है। छत्तीसगढ़ के हर गाँव में जल की उपलब्धता सुनिचित करने तथा जल उपलब्धता में आने वाले कठिनाइयों को दूर करने के लिए CSVTU और CÓCOST ने स्थ्ष किया है। इस स्थ्ष के माध्यम से तकनीकी विश्वविद्यालय तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जनसंख्या दबाव तथा आवश्यकतानुसार जल संसाधन का उचित उपयोग करने का योजनानुसार लक्ष्य रखा गया है। जल जीवन मिशन के तहत इसे Village Level Ground Water Prospects Mapping कहते है। यह कार्य दोनों संस्थान मिलकर लोक स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन के लिए करने जा रहे है।

भू-जल का सटीक लोकेशन और उपलब्धता की खोज करना अपने आप में ही बहुत बड़ा कार्य है जो की किसी भी स्थान के लिए लगभग असंभव होता है। छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 1,35,000 वर्ग किलोमीटर में यह कार्य ह्यड्डुह्लद्गद्यद्यद्बह्लद्ग टेक्नोलॉजी के माध्यम से इमेज प्रोसेस करके लगभग 22 लेयर्स (जैसे की स्लोप, लैंड यूज लैंड-कवर, लियोलोजी इत्यादि) की 1:10000 स्केल पर मानचित्रण कर भूजल का सटीक लोकेशन और उपलब्धता का खोज करने में सहायक होगा तथा 1. पेयजल की गुणवता उपलब्धता तथा संचय कर राज्यहित में शासन का सहयोग करेगा। 2. साथ ही यह मैप्स छत्तीसगढ़ राज्य में कृत्रिम भूजल पुनर्भरण (artificial groundwater recharge) sustainable water infrastructure साबित होगा। ताकि भविष्य में जितना जल ग्राउंड से बहार आ रहा है उतना ही अन्दर भी जाए और राज्य में भूजल संकट का कभी भी सामना ना करना पड़े। Development of sustainable water infrastructure का कांसेप्ट सीएसव्हीटीयू के कुलपति द्वारा प्रथम बार 2012 में दिया गया था जब वे ह्ठ्ठद्ब रायपुर में प्रोफेसर के रूप में पदस्त थे और आज यह संकल्पना अपने पहले कदम की ओर बढ़ रही है।

इसी उद्देश्य के साथ यह दोनों संस्थान इस स्थ्ष को द्विपक्षीय हस्ताक्षर किया गया। निकट भविष्य में तकनीकी विश्वविद्यालय तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद आपसी सहयोग से तकनीकी के आधुनिक अनुप्रयोगों के इस्तेमाल कर छत्तीसगढ़ राज्य में भूजल की उपलब्धता तथा पुनर्भरण हेतु व्यापक मानचित्रण का कार्य करेंगे।

वहीं सीएसव्हीटीयू फोर्टे भिलाई एवं अरूनोदय मेरीकॉम प्रा.लि.रायपुर के साथ चिकित्सा क्षेत्र के तकनीकी संसाधनों पर शोध, उत्पादों की आवश्यकताओं का विकास तथा स्टार्टअप के माध्यम से उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय हस्ताक्षर के साथ एमओयू किया गया।

# जीई फाउंडेशन ने एनआरसी में भर्ती बच्चों-माताओं को बांटी सुपोषण किट

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय अग्रणी संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में अहिवारा में दाखिल 8 बच्चों के बीच सुपोषण किट का वितरण किया। वहीं महिलाओं को फलाहार प्रदान किया गया।



उल्लेखनीय है कि यह पोषण पुनर्वास केंद्र Nutrition Rehabilitation Center (NRC) अक्टूबर 2021 से अहिवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित है, इससे पूर्व गंभीर कुपोषित बच्चे व माता को दुर्ग पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाया जाता था। परियोजना अधिकारी श्रीमती लता चावड़ा ने इस अवसर पर बताया कि अहिवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एनआरसी संचालित होने पर इसका स्वास्थ्य लाभ माताओं गंभीर कुपोषित बच्चों को मिल रहा है। यहां गंभीर कुपोषित बच्चों को 15 दिन तक भर्ती रखा जाता है जहां बच्चे व माता को पौष्टिक भोजन निशुल्क दिया जाता है। वहीं माता को प्रोत्साहन राशि ?150 की दर से लगभग 2250 रुपए उनके खाते में दिए जाते हैं।

आयोजन में एनआरसी प्रभारी संध्या परगनिहा ने बताया कि भर्ती होने के समय माता की काउंसलिंग की जाती है और समस्या के आधार पर उसका उपचार किया जाता है। इस बीच माताओं को कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर उसका इलाज भी किया जाता है। बच्चे छुट्टी होने पर 15-15 दिन के अंतराल में फॉलो अप किया जाता है और दवाई दी जाती है। जीई फाउंडेशन की से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि उनके संस्थान की ओर से किट में बच्चों को फुटा चना, गुड़, बादाम, चना, फल्ली, मूंग, प्रोटीन पावडर व खिलौने दिए गए वही माताओं को केला, सेब व अनार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक विद्या ताम्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़ व स्वास्थ्य विभाग से रेणुका साहू भारती बंजारे स्टाफ नर्स, कौशल कुमार दुबे हेमंत राठी और बाली दांडेकर सहित अन्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950